RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

# स्मार्ट हलचल

smarthalchal.com

वर्ष-10 | अंक-263 | जयपुर, शुक्रवार, 20 मार्च 2026 | मूल्य-4 रूपये

### कतर के गैस प्लांट पर मिसाइल हमला, खामेनेई का बदले का ऐलान, खाड़ी में हड़कंप

# युद्ध के घेरे में दुनिया के बड़े तेल भंडार

### जंग के चलते क्रूड 146 डॉलर पहुंचा

दोहा (कतर)

मिडिल ईस्ट में अमेरिका-इज़रायल और ईरान के बीच जंग 20वें दिन और खतरनाक मोड़ पर पहुंच गई है। ईरान ने कतर के सबसे बड़े गैस प्लांट रास लफान पर मिसाइल हमला किया, जिससे आग लग गई और भारी नुकसान हुआ। इस हमले के बाद कतर ने ईरान पर 'रेड लाइन पार करने' का आरोप लगाया है। वहीं ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई ने सुरक्षा प्रमुख अली लारिजानी की हत्या का बदला लेने की खुली चेतावनी दी है। खाड़ी देशों में बढ़ते हमलों और ऊर्जा ठिकानों पर निशाने के बीच अब यह संघर्ष वैश्विक ऊर्जा संकट का रूप लेता दिख रहा है।

जंग शुरू होने के बाद से भारत में क्रूड की कीमतें लगभग दोगुनी होकर 146 डॉलर पर पहुंच गई है। इसके बढ़ने से भारत में पेट्रोल-डीजल के दाम 10-15 रुपए बढ़ सकते हैं।



### कुवैत में 2 तेल रिफाइनरियों पर ईरानी ड्रोन का हमला

*इस्तांबुल/कुवैत। पश्चिम एशिया में करीब 3 हफ्तों से जारी युद्ध के बीच गुरुवार सुबह कुवैत की दो तेल रिफाइनरीज मीना अल-अहमदी रिफाइनरी व मीना अब्दुल्ला रिफाइनरी पर ईरान ने ड्रोन हमले किए, जिससे आग लग गई। कुवैत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा स्थिति पर जल्द काबू पा लिया गया और किसी के घायल होने की खबर नहीं है। तुर्किए की आधिकारिक संवाद समिति अनाडोलू एजेंसी (एए), कुवैत के प्रमुख समाचार पत्र कुवैत टाइम्स तथा अन्य मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कुवैत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन ने गुरुवार को बताया कि देश की दो प्रमुख तेल रिफाइनरियों पर ईरान द्वारा ड्रोन हमले किए गए, जिससे कुछ स्थानों पर आग लग गई।*

### लिक्विफाइड नेचुरल गैस निर्यात टर्मिनल पर हमला

ईरान ने कतर के रास लफ्फान इंडस्ट्रियल सिटी पर मिसाइल हमला किया है। यहां दुनिया का सबसे बड़ा लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) निर्यात टर्मिनल है। ईरान ने इस टर्मिनल को निशाना बनाया है। यह हमला 18-19 मार्च की रात किया गया। कतर ने कहा है कि देश की मुख्य गैस सुविधा रास लफान इंडस्ट्रियल सिटी पर ईरानी मिसाइल हमलों से काफी नुकसान हुआ है।

रिपोर्ट के अनुसार, कतर के विदेश मंत्रालय ने ईरान के हमले की कड़ी निंदा व भर्त्सना की है। मंत्रालय ने कहा कि हमले के कारण टर्मिनल में आग लग गई। रिपोर्ट के अनुसार, कतर के अधिकारियों ने कहा कि ईरान ने पांच बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। इनमें से चार को इंटरसेप्ट कर लिया गया, लेकिन एक मिसाइल टर्मिनल पर गिरी। ईरान ने इसके अलावा ड्रोन का भी इस्तेमाल किया गया। कतर एनर्जी ने पुष्टि की है कि हमले के कारण टर्मिनल पर भीषण आग लग गई और बुनियादी ढांचे को व्यापक नुकसान हुआ। हालांकि, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। रास लफ्फान से दुनिया की लगभग 20 प्रतिशत एलएमजी की आपूर्ति होती है। इस हमले के बाद कतर ने एलएनजी का उत्पादन फिलहाल रोक दिया है। इससे वैश्विक ऊर्जा बाजार में हड़कंप मच गया। ब्रेंट क्रूड की कीमतें सात प्रतिशत से अधिक बढ़ गई हैं।

कतर ने इस हमले को अपनी संप्रभुता का उल्लंघन और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सीधा खतरा बताया। प्रतिक्रिया स्वरूप, कतर ने ईरानी दूतावास के सैन्य और सुरक्षा अधिकारियों को देश छोड़ने का आदेश दिया है। इसी दौरान ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के हबशान गैस संयंत्र और सऊदी अरब की रिफाइनरियों को भी निशाना बनाने की चेतावनी दी है। इसके बाद वहां सुरक्षा अलर्ट जारी किया गया है।

### मिसाइल का मलबा गिरने से गैस प्लांट बंद

अबू धाबी मीडिया ऑफिस ने बताया कि मिसाइलों को रोकने के दौरान गिरे मलबे की वजह से अबू धाबी के पास के गैस प्लांट बंद कर दिए गए हैं। मिसाइलों ने हबशान गैस प्लांट और बाब तेल क्षेत्र को निशाना बनाया था; ऑफिस ने बताया कि गैस प्लांट में काम-काज रोक दिया गया है। संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह इन प्लांटों को निशाना बनाने वाले ईरानी हमले की कड़ी निंदा करता है। ये हमले अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हैं।

# एलपीजी सिलेंडर की पैनिक बुकिंग में कमी, ऑनलाइन बुकिंग बढ़कर 94% तक पहुंची

### अमेरिका से एलपीजी की सप्लाई हो रही, कीमतों में बढ़ोतरी नहीं

नई दिल्ली

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि LPG चिंता का विषय बनी हुई है लेकिन देश में किसी भी LPG डिस्ट्रीब्यूटर के पास सिलेंडरों की कमी नहीं है। सिलेंडरों की सप्लाई सामान्य है।

पेट्रोलियम मंत्रालय के मुताबिक, अब करीब 94% सिलेंडर बुकिंग ऑनलाइन हो रही है, जबकि डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड सिस्टम 76% तक प्रभावी हो गया है। पैनिक बुकिंग में भी कमी आ रही है। 18 मार्च को करीब 57,000 रीफिल बुकिंग हुई।

वेस्ट एशिया के हालिया घटनाक्रमों पर पेट्रोलियम मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी सुजाता शर्मा ने आगे बताया कि भारत में करीब 70% कच्चा तेल अब होर्मुज स्ट्रेट के बाहर के क्षेत्रों से आ रहा है। युद्ध के कारण दबाव जरूर है, लेकिन कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है।



पेट्रोलियम मंत्रालय की तरफ से ये बातें केंद्रीय मंत्रालयों की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही गई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरे वैश्विक समुदाय के लिए परीक्षा की घड़ी है।

### दूसरे जगहों से LPG लेने की कोशिश कर रहे

पेट्रोलियम मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने कॉमर्शियल LPG उपभोक्ताओं से CNG पर शिफ्ट करने की अपील की है और कई कंपनियों ने इसके लिए इंसेंटिव भी घोषित किए हैं।

सुजाता शर्मा ने कहा कि मिडिल ईस्ट में हालात का सीधा असर भारत की एनर्जी सप्लाई पर पड़ता है, इसलिए सरकार अन्य जगहों से भी सप्लाई लेने की कोशिश कर रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत ईरान समेत कई देशों से लगातार बातचीत कर रहा है, ताकि ऊर्जा सप्लाई बिना रुकावट बनी रहे।

### 2.8 लाख लोग वेस्ट एशिया से भारत लौटे

विदेश मंत्रालय के जॉइंट सेक्रेटरी (गल्फ) असीम महाजन ने बताया कि 28 फरवरी के बाद से करीब 2.8 लाख लोग वेस्ट एशिया से भारत लौट चुके हैं।

उन्होंने कहा कि कुछ देशों में ऑपरेशनल दिक्कतों के बावजूद फ्लाइट ऑपरेशन धीरे-धीरे बेहतर हो रहे हैं।

महाजन के मुताबिक, 18 मार्च को भारत और UAE के बीच करीब 75 उड़ानें संचालित हुईं, जबकि अगले दिन यह संख्या बढ़कर करीब 90 उड़ानों तक पहुंचने की उम्मीद है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव सी. सेंथिल राजन ने रहत सेवाओं से जुड़े सोशल मीडिया फ्रॉड को लेकर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी।

उन्होंने कहा- LNG उपभोक्ता सोशल मीडिया पर फैल रहे फर्जी संदेशों से सावधान रहें। ऐसे मैसेज पर भरोसा न करें और जरूरत पड़ने पर पुलिस में शिकायत करें।

## छत्तीसगढ़ में अब धर्मांतरण कराने पर उम्रकैद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026 पास हो गया है। अवैध तरीके से धर्मांतरण कराने के मामलों में दोषी पाए जाने पर 7 से 10 साल तक की जेल और कम से कम 5 लाख रुपए जुर्माना लगाया जाएगा। यदि पीड़ित नाबालिग, महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग से हो, तो सजा बढ़ाकर 10 से 20 साल तक की जेल और न्यूनतम 10 लाख जुर्माना देना होगा। वहीं, सामूहिक धर्मांतरण के मामलों में 10 साल से लेकर आजीवन कारावास होगी। कम से कम 25 लाख रुपए जुर्माना लगेगा। गृहमंत्री विजय शर्मा द्वारा पेश किया गया यह नया विधेयक वर्ष 1968 के पुराने कानून की जगह लेगा, जिसे सरकार ने वर्तमान तकनीक और सामाजिक परिस्थितियों के लिहाज से नाकाफी माना है।

## जेजेएम घोटाले में जज अनिल उपमन से खुद को सुनवाई से किया अलग

**जयपुर।** करोड़ों रुपए के जल जीवन मिशन को लेकर एसीबी में दर्ज एफआईआर को चुनौती देने से जुडे मामले में राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश अनिल कुमार उपमन ने अपने आप को सुनवाई से अलग कर लिया। मामले में पूर्व आईएएस सुबोध अग्रवाल सहित अन्य ने याचिका दायर कर एसीबी की ओर से दर्ज एफआईआर को चुनौती दी है।

### मैक्रों से बोले- पश्चिम एशिया में तनाव कम करना जरूरी

# पीएम मोदी ने 5 राष्ट्राध्यक्षों से की चर्चा

नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 घंटे के दौरान 5 देशों के राष्ट्राध्यक्षों से फोन पर बात की। पीएम ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि उन्होंने फोन पर बातचीत के दौरान क्षेत्र में तनाव कम करने, संवाद बढ़ाने और शांति बहाली की जरूरत पर जोर दिया।

पीएम ने बताया कि उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और जॉर्डन के राजा किंग अब्दुल्ला II से बातचीत की। इससे पहले विदेश



मंत्रालय ने बताया कि पीएम ने कुवैत के क्राउन प्रिंस से भी बात की थी।

पीएम के मुताबिक, मैक्रों से बातचीत में कहा कि हालात चिंताजनक हैं और तनाव कम करने के लिए बातचीत और कूटनीति जरूरी है। दोनों नेताओं ने शांति और स्थिरता के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई। पीएम ने बताया कि उन्होंने ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक को ईद की बधाई दी और क्षेत्रीय हालात पर चर्चा की। उन्होंने ओमान की संप्रभुता के उल्लंघन की निंदा की और वहां से भारतीयों सहित लोगों की सुरक्षित वापसी में उसकी भूमिका की सराहना की। दोनों देशों ने होर्मुज स्ट्रेट में सुरक्षित जहाजों की आवाजाही पर भी जोर दिया।

इससे पहले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पीएम मोदी ने कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख सबाह से बुधवार रात बात की थी। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात पर बात की और हाल की घटनाओं पर चिंता जताई।

# दिल्ली अग्निकांड शोकसभा में बीजेपी-आप कार्यकर्ताओं में झड़प

### केजरीवाल बोले- भाजपा के लोगों ने पीड़ितों से मिलने से रोका

नई दिल्ली

दिल्ली अग्निकांड में मारे गए 9 लोगों की शोकसभा में आम आदमी पार्टी (AAP) और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच जमकर झड़प हुई। इस घटना के वायरल वीडियो में कुर्सी फेंकते और धक्का-मुक्की करते लोग दिखे। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि भाजपा के विधायक कुलदीप सोलंकी के गुंडो ने मुझे कुर्सी फेंककर मारी।

पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि BJP को पीड़ितों की चिंता नहीं है। कोई पीड़ितों से सहानुभूति जताने आता है तो भाजपा के लोग उनसे मिलने भी नहीं देते।



दरअसल, बुधवार को पालम इलाके की चार मंजिला इमारत में आग लग गई थी। इसमें 3 नाबालिग लड़कियों समेत 9 लोगों की जान चली गई थी। पालम अग्निकांड के बाद राजनीतिक दलों के नेता पीड़ित परिवार से मिलने पहुंच रहे थे। AAP संयोजक अरविंद केजरीवाल के आने से पहले सौरभ भारद्वाज और बीजेपी विधायक कुलदीप सोलंकी कार्यकर्ताओं के साथ शोकसभा में पहुंचे।

इस दौरान सौरभ भारद्वाज ने एक वीडियो दिखाकर बचाव कार्य में हाइड्रोलिक मशीन फेल होने का दावा किया और प्रशासन पर सवाल उठाए। इसे लेकर दोनों पक्षों में तीखी बहस हुई, जो गाली-गलौज और धक्का-मुक्की तक पहुंच गई। इससे शोकसभा का माहौल भी बिगड़ गया।

बुधवार को पालम के जिस चार मंजिला घर में आग लगी थी, वह राजेंद्र कश्यप का है। बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर कॉस्मेटिक की दुकान थी और ऊपर की मंजिलों पर परिवार रहता था। जब आग लगी तो धुआं तेजी से अंदर फैलने लगा। परिवार के लोगों ने करीब दो साल के दो बच्चों को बचाने के लिए उन्हें पहली मंजिल से नीचे फेंक दिया।

# नासिक में महिला से रेप-ब्लैकमेलिंग के आरोप में ज्योतिषी गिरफ्तार

### पेन ड्राइव में 58 आपत्तिजनक वीडियो मिले, ऑफिस में हिडन सीसीटीवी कैमरे

मुंबई/नासिक

महाराष्ट्र के नासिक में एक 35 साल की महिला से बार-बार रेप और ब्लैकमेल करने के आरोप में पुलिस ने बुधवार को एक मशहूर ज्योतिषी अशोक खरात (67) को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, ज्योतिषी कई महिलाओं का यौन उत्पीड़न कर चुका है।

एफआईआर के अनुसार,



खरात खुद को कैप्टन कहता था क्योंकि वह रिटायर्ड मर्चेंट नेवी अफसर है। वह महिलाओं को उनकी समस्याएं हल करने का झांसा देकर अपने ऑफिस बुलाता था। वहां पहुंचने के बाद वह उन्हें नशीला पदार्थ देकर सम्मोहित करता था।

वह महिलाओं को डराकर खासकर उनके पति की मौत की धमकी देकर या तंत्र-मंत्र के डर का हवाला देकर रेप करता था। जांच में यह भी सामने आया कि खरात ने अपने ऑफिस में हिडन सीसीटीवी कैमरे लगा रखे थे।

पुलिस को एक पेन ड्राइव मिली है, जिसमें 58 अलग-अलग महिलाओं से जुड़े आपत्तिजनक वीडियो होने की बात कही जा रही है। राज्य सरकार ने मामले की जांच के लिए IPS अधिकारी तेजस्विनी सातपुते के नेतृत्व में एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम गठित की है।

एफआईआर दर्ज कराने वाली एक महिला का आरोप है ज्योतिषी ने नवंबर 2022 से दिसंबर 2025 के बीच कई बार यौन शोषण किया। पीड़िता का आरोप है कि पूजा-पाठ के बहाने ज्योतिषी उसे नासिक के कनाडा कॉर्नर इलाके स्थित अपने ऑफिस में बुलाता था। एफआईआर के अनुसार, ज्योतिषी महिला से कहता था कि उसकी भविष्यवाणी के अनुसार उसके पति की जान को खतरा है। इसके बाद वह महिला को नशीला पेय पिलाकर उसके साथ रेप करता था। पुलिस ने बताया कि वह महिला को अपनी भविष्यवाणियों और धमकियों के जरिए डराता भी था।

खरात नासिक जिले के सिन्नर तालुका के मिरगांव स्थित श्री ईशनेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट का चेयरमैन है। वहां उसका एक आलीशान फार्महाउस है, जहां कई प्रभावशाली लोग आते-जाते थे।

# 25 आईएएस और 9 आईपीएस अफसरों के तबादले

### आलोक गुप्ता यूडीएच के एसीएस, अजिताभ शर्मा बने रेवेन्यू बोर्ड अध्यक्ष

जयपुर

राज्य सरकार ने गुरुवार देर रात प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 25 IAS और 9 IPS अफसरों के तबादले किए हैं। आलोक गुप्ता यूडीएच के ACS होंगे। आलोक गुप्ता को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अध्यक्ष से यूडीएच प्रमुख सचिव और हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष का जिम्मा दिया है।

ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव अजिताभ शर्मा का तबादला रेवेन्यू बोर्ड अध्यक्ष अजमेर के पद पर किया गया है। सीएम के एसीएस अखिल अरोड़ा से जलदाय विभाग का चार्ज ले लिया गया है।

वहीं 9 आईपीएस के भी तबादले किए गए हैं। 5 आईपीएस के 13 मार्च को किए गए तबादले रद्द कर दिए हैं। 9 आईपीएस में 7 के तबादले छह दिन में ही दोबारा कर दिए हैं। 5 जिलों के एसपी बदले गए हैं।

अपर्णा अरोड़ा को सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग से खान और पेट्रोलियम विभाग के एसीएस के पद पर तबादला किया है। ग्रामीण विकास विभाग की ACS श्रेया गुहा का तबादला एचसीएम रीपा महानिदेशक और एमडी आरएफसी के पद पर किया है। एसीएस प्रवीण गुप्ता को पीडब्लयूडी के साथ युवा और खेल विभाग का जिम्मा दिया है। प्रवीण गुप्ता से पर्यटन, पुरातत्व विभाग और आमेर विकास प्राधिकरण का चार्ज वापस ले लिया है।

राजेश यादव का तबादला एचसीएम रिपा से स्कूल शिक्षा और भाषा विभाग के सचिव के पद पर किया है। हेमतं गेरा को राजस्व मंडल अध्यक्ष पद से जलदाय विभाग के सचिव पद पर लगाया है। गेरा की जगह अजिताभ शर्मा को रेवेन्यू बोर्ड अध्यक्ष का जिम्मा दिया है।

# सूरत में 2.38 करोड़ के नकली नोट पकड़े

### योग टीचर क्रिप्टो में पेमेंट कर चीन से कागज मंगाता था

अहमदाबाद

अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने नकली नोटों के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है। नकली नोट छापने का काम सूरत के एक आश्रम में हो रहा था। पुलिस ने यहां छापेमारी कर नोट छापनें की की मशीनों के साथ 2.38 करोड़ रुपए के नकली नोट जब्त किए।

इस रैकेट का मुख्य आरोपी और तथाकथित योग गुरु प्रदीप जोटांगिया समेत 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अब तक की जांच में पता चला है कि नकली नोट छापने के लिए इस्तेमाल होने वाला खास कागज चीन से मंगाया



जाता था। इसका पेमेंट क्रिप्टो करंसी के जरिए किया गया था।

क्राइम ब्रांच के डीसीपी अजीत राजिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि कुछ लोग नकली नोटों की हेराफेरी कर रहे हैं। इसी आधार पर एसीपी और पीआई की एक टीम गठित की गई और अहमदाबाद के अमराईवाड़ी इलाके में एक फॉर्च्यूनर कार रोकी गई। तलाशी के दौरान गाड़ी से 2.38 करोड़ रुपए कीमत के 500 रुपए के नकली नोट बरामद हुए।

पुलिस जांच में पता चला है कि सत्यम योग फाउंडेशन के वाहन में नकली नोटों की तस्करी की जा रही थी। नोटों की सप्लाई के लिए कर पर भारत सरकार और आयुष मंत्रालय के नाम लिखे हुए थे। क्राइम ब्रांच ने अहमदाबाद और सूरत में छापेमारी की तो इस पूरे रैकेट का खुलासा हुआ।

आश्रम में छापे गए ये सभी नोट 500 रुपए के हैं। नकली नोट सूरत में बनाए गए थे और इन्हें खपाने के लिए अहमदाबाद लाया जाता था।

## नीरजा-मोदी स्कूल की 11-12वीं की मान्यता रद्द करने पर रोक

जयपुर

राजस्थान हाईकोर्ट ने जयपुर के नीरजा मोदी स्कूल की 11वीं-12वीं क्लास की मान्यता रद्द करने के केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। जस्टिस गणेश राम मीणा की अदालत ने नीरजा मोदी स्कूल की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह रोक लगाई। कोर्ट ने कहा- इस मामले में स्कूल में पढ़ने वाले स्टूडेंट का कोई दोष नहीं है, लेकिन वे सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। इसलिए संतुलन बनाते हुए मामले में अंतरिम राहत देना जरूरी है। कोर्ट ने स्कूल को निर्देश दिए कि वह CBSE द्वारा लगाई गई 5 लाख रुपए की जुर्माना राशि 10 दिन में जमा करवाए और 1 महीने के अंदर बताई गई कमियों को दूर करें।


# राजस्थान में लगातार दूसरे दिन आंधी-बारिश व ओलावृष्टि

### 20 शहरों में आंधी-बारिश का अलर्ट

जयपुर

पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से राजस्थान में दो दिन से आंधी-बारिश व ओलावृष्टि देखने को मिल रही है। गुरुवार को प्रदेश के 16 शहरों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। सीकर, अलवर और कोटपुतली-बहरोड़ में ओले गिरे। जैसलमेर में बारिश जनित हादसे में दो भाईयों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने शुक्रवार को भी 20 शहरों में आंधी-बारिश के साथ ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा बारिश बाड़मेर में 16.6 मिमी दर्ज की गई। इसके अलावा सीकर, जैसलमेर, तिजारा, चूरू, भीलवाड़ा,



अलवर, पिलानी, जोधपुर, बीकानेर, डबोक, फलौदी, श्रीगंगानगर, डूंगरपुर, फतेहपुर, लूणकरणसर और जयपुर में बारिश रिकॉर्ड की गई। आंधी-बारिश के चलते फतेहपुर के दिन तापमान में सबसे ज्यादा 12 डिग्री की गिरावट दर्ज की। इसके अलावा बाड़मेर और सीकर के अधिकतम तापमान में भी 10 डिग्री की कमी देखी गई। 36.4 डिग्री के साथ चित्तौडगढ़ का दिन व 21.4 डिग्री के साथ जयपुर की रात सबसे गर्म रही। अजमेर व कोटा में भी रात का तापमान 20 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। वहीं कई जिलों में फसलों को भी नुकसान हुआ। सीकर में लगातार दूसरे दिन आज 30 सेकेंड तक ओले गिरे। जैसलमेर व बाड़मेर में जीरा, ईसबगोल की फसलों को नुकसान हुआ। कृषि विभाग फसलों के खराबे का आकलन कर रहा है। कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बानसूर व नारायणपुर क्षेत्र में बारिश के साथ करीब 20 मिनट तक ओले गिरे।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से गुरुवार को भी पश्चिम राजस्थान के ऊपर एक परिसंचरण तंत्र रहा। राज्य के कुछ भागों में हल्की बारिश दर्ज हुई। सर्वाधिक बारिश बाड़मेर में 16.6 मिमी दर्ज की गई। गुरुवार को जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर, उदयपुर व कोटा संभाग के कुछ भागों में मेघ गर्जन के साथ तेज आंधी (40-50 किमी प्रतिघंटा) व बारिश दर्ज की। इस दौरान कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी हुई। 20 मार्च को अजमेर, जयपुर, कोटा, भरतपुर संभाग के कुछ भागों में मेघ गर्जन के साथ बारिश की संभावना है। 21 मार्च को मौसम शुष्क रहने एवं 22 मार्च को पुनः बीकानेर संभाग व शेखावाटी के जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है।

## फ्लाइट में जज को परोसा फंगस लगा खाना, विरोध करने पर एयरलाइन क्रू ने की अभद्रता

लखनऊ (एजेंसी)। दिल्ली से लखनऊ आ रहे एक विमान में न्यायिक अधिकारी (जज) के साथ अभद्रता और दूषित भोजन परोसने का गंभीर मामला सामने आया है। अमरोहा में तैनात जज प्रशांत कुमार ने एयर इंडिया के क्रू मेंबर्स और कस्टमर सर्विस इंचार्ज के खिलाफ सरोजिनी नगर थाने में एनसीआर (गैर-संज्ञेय रिपोर्ट) दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विमान में उन्हें जो भोजन दिया गया, उसमें स्पष्ट रूप से फंगस लगा हुआ था और विरोध करने पर कर्मचारियों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। घटनाक्रम के अनुसार, जज प्रशांत कुमार बीती 16 मार्च 2026 को एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई 1720 से दिल्ली से लखनऊ की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान जब उन्हें भोजन परोसा गया, तो वह सड़ा हुआ था। जज का कहना है कि इस प्रकार का असुरक्षित भोजन यात्रियों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। जब उन्होंने इस गंभीर लापरवाही की शिकायत केबिन क्रू सदस्य मनप्रीत और प्रीति से की, तो उन्होंने समस्या का समाधान करने के बजाय उनके साथ अनुचित और अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया। विमान के लखनऊ लैंड होने के बाद भी विवाद थमा नहीं। आरोप है कि एयरलाइन के कस्टमर सर्विस कर्मचारी सुफियान ने भी जज के साथ बदसलूकी की और उन्हें साक्ष्य के तौर पर फंगस लगा हुआ खाना फ्लाइट से बाहर ले जाने से जबरन रोक दिया। एनसीआर में जज ने मांग की है कि यात्रियों को दूषित भोजन परोसना और शिकायत करने पर उनके अधिकारों का हनन करना एक गंभीर अपराध है। उन्होंने इस पूरे प्रकरण में एफआईआर दर्ज कर गहन जांच करने और दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, जिससे विमान सेवाओं में यात्रियों की सुरक्षा और खान-पान की गुणवत्ता पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

## भारत का बड़ा दांव : रुस से तेल लेकर चीन जा रहा टैंकर... अचानक से भारत की ओर चल दिया

नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान और अमेरिका-इजरायल में बीच छिड़े युद्ध के बाद तेल की संकट ने पूरी दुनिया को अपने गिरफ्त में ले लिया है। इस संकट के बीच भारत का दम दुनिया भर में दिख रहा है। बीते दिनों होर्मुज स्ट्रेट से भारत के दो जहाज सही सलामत गैस लेकर गुजरात के बंदरगाहों पर पहुंचे थे। अब भारत ने एक और बड़ा दांव चल दिया है। दरअसल दक्षिण चीन सागर में एक रूसी तेल से लदा टैंकर अचानक मुड़ गया। यह मूल रूप से चीन के रिजाओ बंदरगाह की ओर बढ़ रहा था, लेकिन अब तेजी से भारत की ओर आ रहा है। गौरतलब है कि भारत ने मौजूदा स्थिति में रूस से तेल आयात बढ़ाने का फैसला किया है। यह बदलाव ईरान में चल रही जंग के कारण मध्य पूर्व से तेल सप्लाई रुकने के बाद भारत की जरूरतों को पूरा करने के लिए हुआ है। एक रिपोर्ट में बताया गया हैं कि बाल्टिक सागर के एक बंदरगाह से जनवरी के अंत में उराल्स क्रूड ऑयल लोड करके निकला था। शुरू में इसका डेस्टिनेशन चीन का रिजाओ पोर्ट था। लेकिन मार्च के मध्य में दक्षिण-पूर्व एशियाई पानी में पहुंचते ही टैंकर ने यू-टर्न ले लिया। अब यह 21 मार्च को न्यू मंगलौर बंदरगाह पहुंचने वाला है। डेटा के मुताबिक, अमेरिका ने भारत को रूसी तेल की खरीदारी अस्थायी रूप से बढ़ाने की छूट दी, ठीक उसी के कुछ दिन बाद यह बदलाव हुआ। इससे पहले भारत ने रूसी तेल कम खरीदना शुरू कर दिया था, जिससे कई कार्गो चीन की ओर चले गए थे। अब स्थिति बदल गई है।

## गाजियाबाद मेयर का विवादित बयान...घरों में अधिक कार होने से बढ़ा रहा सड़कों पर ट्रैफिक

गाजियाबाद (एजेंसी)। उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद जिले में ट्रैफिक जाम को लेकर मेयर सुनीता दयाल का विवादित बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि शहर में जाम की समस्या का मुख्य कारण लोगों के बढ़ते जीवन स्तर और घरों में अधिक कारें होना है। मेयर ने बताया कि पहले एक घर में एक ही गाड़ी होती थी, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं, इसकारण सड़कों पर दबाव बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि सड़कों का चौड़ीकरण केवल उपलब्ध जगह के अनुसार ही संभव है और लोगों के मकान तोड़कर सड़क बढ़ाना असंभव है। हालांकि, स्थानीय लोग तर्क से असहमत होकर कहते हैं कि शहर की कई मुख्य सड़कें अतिक्रमण की वजह से संकरी हो गई हैं। फुटपाथों और सड़कों के किनारे अवैध कब्जे ट्रैफिक को और बाधित करते हैं। उनका कहना है कि ट्रैफिक व्यवस्था सुधारना और सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराना प्रशासन, नगर निगम और विकास प्राधिकरण की जिम्मेदारी है। केवल लोगों के बढ़ते वाहन को दोष देना समस्या के वास्तविक कारणों से ध्यान हटाने जैसा है। शहर में रोजाना ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। नोएडा में काम करने वाले लोग नेशनल हाईवे-9 पर जाम का सामना करते हैं, जबकि मोहननगर मार्ग से दिल्ली जाने वाले लोग जीटी रोड पर लंबी कतारों में फंसते हैं। कार्यक्रम में हाउस टैक्स पर पूछे गए सवाल पर मेयर ने कहा कि बढ़ा हुआ हाउस टैक्स लागू नहीं किया जाएगा और नगर निगम अधिकारियों को बढ़ी हुई दर पर बिल जारी करने से रोका गया है। बावजूद इसके, कई जगहों पर पहले ही बढ़ी हुई दर के बिल जारी किए जा चुके हैं। इस बयान ने गाजियाबाद में ट्रैफिक प्रबंधन और अतिक्रमण पर बहस को और तेज कर दिया है।

## मुजफ्फरपुर में पुलिस और ग्रामीणों के बीच हिंसक झड़प, एक ग्रामीण की मौत, कई पुलिस वाले घायल

मुजफ्फरपुर (एजेंसी)। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के असिया गांव में पुलिस और ग्रामीणों के बीच हिंसक झड़प हुई। घटना तब हुई जब पुलिस पॉक्सो एक्ट के आरोपी भिखारी राय और अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी करने पहुंची थी। पुलिस के अनुसार, छापेमारी के दौरान आरोपी पक्ष ने शोर मचाकर ग्रामीणों को इकट्ठा किया, जिसके बाद पुलिस टीम पर पथराव किया गया और कथित रूप से फायरिंग भी की गई। स्थिति बिगड़ने पर गायघाट थानाध्यक्ष राजा सिंह ने आत्मरक्षा में गोली चलाने की बात कही है। इस घटना में ग्रामीण जगतवीर राय की गोली लगने से मौत हो गई, जबकि थानाध्यक्ष, अपर थानाध्यक्ष सहित चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायलों का इलाज एसकेएमसीएच में चल रहा है। झड़प के दौरान पुलिस के कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं मृतक के परिजनों ने पुलिस पर सीधा आरोप लगाया है कि जगतवीर राय को नजदीक से गोली मारकर हत्या की गई है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है और पुलिस बल मौके पर तैनात कर दिया गया है।

# केंद्रीय मंत्री गडकरी से मिलने पहुंचे राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा

### बस और ट्रक बॉडी मैन्युफैक्चरर्स का प्रतिनिधिमंडल भी रहा साथ



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली में बुधवार को एक महत्वपूर्ण राजनीतिक और औद्योगिक बैठक देखने को मिली, जब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव और सांसाद प्रियंका गांधी वाड्रा अचानक केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मिलने संसद भवन पहुंचे।

दरअसल, राजस्थान से बस और ट्रक बॉडी मैन्युफैक्चरर्स का प्रतिनिधिमंडल अपनी समस्याओं को लेकर बुधवार की सुबह राहुल गांधी से मिलने आया था। राजस्थान से आए इस डेलिगेशन ने व्यापार से जुड़ी नीतिगत चुनौतियों, नए नियमों के कारण बढ़ती कठिनाइयों और उद्योग पर पड़ रहे प्रभाव को विस्तार से बताया।

प्रतिनिधिमंडल की समस्याओं को गंभीरता से लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तत्काल पहल की और प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ उन्हें लेकर केंद्रीय मंत्री गडकरी से मुलाकात करने पहुंचे। इस दौरान उद्योग से जुड़े मुद्दों को सीधे संबंधित मंत्री के सामने रखने का प्रयास किया गया, ताकि समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें।

बैठक हालांकि कुछ ही मिनटों तक चली, लेकिन इसमें कई अहम विषयों पर चर्चा हुई। विशेष रूप से बस और ट्रक बॉडी निर्माण उद्योग पर नए नियमों के प्रभाव, नीतिगत बदलावों की आवश्यकता और कारोबार में आ रही बाधाओं पर विचार-विमर्श किया गया। सूत्रों के अनुसार, डेलिगेशन ने केंद्र सरकार से नियमों में राहत और स्पष्ट दिशा-निर्देश देने की मांग की है, जिससे उद्योग को स्थिरता मिल सके। वहीं, केंद्रीय मंत्री गडकरी ने भी समस्याओं को सुनकर उन्हें सकारात्मक रूप से देखने का आश्वासन दिया। इस मुलाकात को उद्योग और राजनीति के बीच समन्वय के एक प्रयास के रूप में देखा जा रहा है, जहां जनप्रतिनिधियों ने सीधे तौर पर व्यापारिक समुदाय की आवाज को सरकार तक पहुंचाने का काम किया। आने वाले समय में इस बैठक के परिणामस्वरूप नीतिगत स्तर पर कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

## सांसद टी राजा सिंह को फिर मिली जान से मरने की धमकी



हैदराबाद (एजेंसी)। गोशामहल विधानसभा के सांसद टी राजा सिंह को बुधवार को उनके आवास पर एक अज्ञात प्रेषक से जान से मारने की धमकी भरा पत्र मिला। पत्र में लिखा था कि राजा सिंह, 27 मार्च को आपकी आखिरी रामनवमी होगी। तेलंगाना पुलिस मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। जनवरी में भी बीजेपी सांसद सिंह को इसी तरह का एक पत्र मिला था, जो कथित तौर पर अब्दुल हाफिज नाम के एक व्यक्ति ने भेजा था। पत्र में अपशब्दों का प्रयोग किया गया था और दावा किया गया था कि पुलिस उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर सकती। बीजेपी नेता सिंह ने तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक, आयुक्त और मुख्यमंत्री से बार-बार मिल रही धमकियों के पीछे के व्यक्ति की पहचान करने की अपील की है। सांसद सिंह ने हैदराबाद के पुलिस आयुक्त वी सी सज्जनार को पत्र लिखकर आगामी राम नवमी जुलूस के लिए पुलिस सुरक्षा देने से इंकार कर दिया। उन्होंने सुरक्षा से इंकार करने के कारणों के रूप में बार-बार उत्पीड़न, लाठीचार्ज और पिछले वर्ष के आयोजन के दौरान टास्क फोर्स कर्मियों द्वारा बल प्रयोग का हवाला दिया। सिंह ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में, सुरक्षा के बहाने तैनात पुलिसकर्मियों ने जुलूस को बाधित किया और कई बार श्रद्धालुओं पर लाठीचार्ज भी किया। उन्होंने अनीता टावर्स, पुराना पुल, बेगम बाजार छतरी और सिद्दीअंबर बाजार मस्जिद के पास हुई घटनाओं का जिक्र किया, जिनसे श्रद्धालुओं में भय और तनाव का माहौल बना।

## क्या गंगा नदी में रोजा इफ्तार नहीं कर सकते... अखिलेश ने उठाए सवाल



### -5-स्टार जहाज को लेकर योगी सरकार को घेरा

**लखनऊ (एजेंसी)।** काशी में गंगा नदी में नाव पर रोजा इफ्तार करने वाले मुस्लिम युवकों की गिरफ्तारी पर सियासत शुरू हो चुकी है। सपा प्रमुख और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने पूछा है कि क्या गंगा में रोजा इफ्तार नहीं कर सकते? डीएम, एसपी और एसओ को इफ्तारी देनी चाहिए थी। हथेली गरम....तब पुलिस नरम। उन लोगों ने हथेली गरम नहीं की होगी, इसकारण उन पर कार्रवाई हुई। इस दौरान अखिलेश का इशारा रिश्वत की तरफ था।

वहीं कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने भी योगी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यूपी पुलिस कानून के दुरुपयोग का कीर्तिमान बनाना चाहती है। उन्होंने लिखा कि पुलिस मुसलमानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए उतावली दिख रही है। युवाओं का एक समूह नाव में बैठकर इफ्तार कर रहा था। बस इतने से किसी छुटभैये नेता की भावना आहत हो गई। उसकी तहरीर पर पुलिस ने 14 युवाओं को गिरफ्तार कर लिया। नरेन्द्र मोदी जी क्या यही है सबका साथ, सबका विकास का नारा। जिसमें मुसलमानों के नमाज पढ़ने और इफ्तार करने पर मुकदमा दर्ज होगा। वहीं, भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा कि गंगा की पवित्रता से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा। दरअसल, बनारस में गंगा नदी में नाव पर इफ्तार पार्टी हुई थी। इसका वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर 14 मुस्लिम युवकों को गिरफ्तार किया था। लखनऊ में इफ्तार पार्टी में पहुंचे अखिलेश ने कहा कि ये सब हमारे-आपके बीच में दूरियां पैदा करने के लिए किया जा रहा है। प्रशासन ऐसी कार्रवाई कर यूपी सरकार को खुश करने के लिए कर रहा। एक 5-स्टार जहाज चला था। उसमें महंगी-महंगी शराब थी। उसके टॉयलेट का वेस्ट गंगा में जा रहा था। उस जहाज के मालिक पर क्या कार्रवाई हुई? उस समय जो गड्ढे खोदकर छोड़ गए थे, उसकी गंदगी गंगा में पहुंची। उस पर क्या एक्शन हुआ?

# उत्तराखंड में धामी सरकार 51 रोपवे प्रोजेक्ट्स विकसित करने की योजना में



**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड में धामी सरकार राज्यभर में 51 रोपवे प्रोजेक्ट्स विकसित करने की योजना पर काम कर रही है। करीब 160.75 किलोमीटर लंबे इस मास्टरप्लान के तहत पहाड़ों के कई धार्मिक और पर्यटन स्थलों को रोपवे से जोड़ने की तैयारी है। इन 51 में से 2 रोपवे प्रोजेक्ट्स पर फिलहाल काम तेजी से काम हो रहा है, जबकि केदारनाथ और हेमकुंड साहिब सहित 4 मेगा रोपवे प्रोजेक्ट्स पर जल्द निर्माण कार्य शुरू होने की तैयारी है। इसके अलावा कई अन्य रोपवे प्रोजेक्ट्स फिलहाल डीपीआर और प्री-फिजिबिलिटी स्टडी के चरण में हैं, जिन पर उत्तराखंड रोपवे डेवलपमेंट लिमिटेड (यूआरडीएल) के जरिए आगे की प्रक्रिया चल रही है। प्रस्तावित नेटवर्क में सबसे ज्यादा रोपवे पौड़ी जिले में बनने का प्लान है। उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड के इंफ्रास्ट्रक्चर निदेशक दीपक खंडूरी के मुताबिक रोपवे उन स्थानों तक पहुंच का बेहतर विकल्प हैं जहां सड़क बनाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि इन प्रोजेक्ट्स से तीर्थ यात्रियों की यात्रा आसान होगी और लोकल स्तर पर पर्यटन व रोजगार के नए अवसर भी बढ़ने है। उन्होंने बताया कि देहरादून के पुरकुल से मसूरी के लाइब्रेरी चौक तक बनने वाला यह रोपवे राज्य के प्रमुख प्रोजेक्ट्स में शामिल है। करीब 285 करोड़ रुपए की लागत से इसका निर्माण हो रहा है। परियोजना का लगभग 70 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इसमें 10 यात्रियों की क्षमता वाले 71 केबिन लगाए जाएंगे और देहरादून से मसूरी तक का सफर करीब 20 मिनट में पूरा होगा। इस साल के अंत तक शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं चंपावत जिले में पूर्णागिरी मंदिर तक पहुंच आसान बनाने के लिए यह रोपवे बनाया जा रहा है। करीब 35 करोड़ रुपये की लागत वाली योजना का निर्माण कार्य जारी है। इस 30 मई 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड के इंफ्रास्ट्रक्चर निदेशक खंडूरी ने इन परियोजनाओं के दूरगामी फायदों पर प्रकाश डाला है। उनके अनुसार रोपवे के माध्यम से उन दुर्गम पहाड़ियों तक आसानी से पहुंचा जा सकेगा, जहां सड़क मार्ग बनाना भौगोलिक और पर्यावरणीय दृष्टि से कठिन है। केदारनाथ, यमुनोत्री और हेमकुंड साहिब जैसे कठिन ट्रेक वाले स्थानों पर बुजुर्गों और बीमार यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक सफर मिलेगा। पहाड़ों पर वाहनों के धुएं से प्रदूषण बढ़ रहा है।

## त्यागी के इस्तीफे पर राजद सांसद का दावा...देखते जाइए जेडीयू में जल्द भगदड़ मचने वाली

पटना (एजेंसी)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक ओर राज्यसभा जा रहे हैं। दूसरी ओर उनके पुराने साथ रहे केसी त्यागी ने भी जेडीयू का साथ छोड़ दिया है। 22 मार्च को वे बैठक कर आगे की रणनीति पर चर्चा करने वाले है। इस बीच आरजेडी के सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव ने बड़ा दावा किया है। बीते दिनों सांसद यादव जहानाबाद में विधायक राहुल कुमार की ओर से आयोजित इफ्तार पार्टी में पहुंचे थे। जहां उन्होंने कहा कि त्यागी उम्र और रिश्ते में बड़े हैं, इसलिए उनका सम्मान करते हैं, लेकिन उनके इस्तीफे के बाद जेडीयू में जल्द भगदड़ मचने वाली है। आरजेडी सांसद ने दावा कर कहा कि थोड़ा इंतजार कर लीजिए, जेडीयू में भगदड़ मचेगी। अगर ऐसा नहीं हुआ तब मैं खुद सांसद पद से इस्तीफा देकर राजनीति भी छोड़ दूंगा। सांसद यादव ने कहा कि एनडीए के 25 साल के शासन के बावजूद बिहार में आज भी असली जंगलराज बरकरार है। यह डर पैदा करने वालों का राज है। उन्होंने सत्ता पक्ष पर हमला करते हुए कहा कि ये लोग जंगलराज के नाम पर ही चुनाव जीतने की रणनीति बना चुके हैं। जनता को गुमराह कर रहे हैं। आरजेडी सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा। उन्होंने सवाल उठाया कि केंद्र में 11 साल से सरकार होने के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी ने अब तक प्रेसवार्ता क्यों नहीं की? उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को जनता के बीच आकर सीधे सवालों का जवाब देना चाहिए।

## कांशीराम को भारत रत्न की मांग पर गरमाई यूपी की सियासत, मायावती ने कांग्रेस-सपा को घेरा



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की राजनीति इन दिनों बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम के इर्द-गिर्द सिमटती नजर आ रही है। आगामी विधानसभा चुनावों की आहट के बीच दलित मतों को साधने की होड़ में विपक्षी दलों और सत्ता पक्ष के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। हाल ही में 15 मार्च को कांशीराम की 93वीं जयंती के अवसर पर कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार से उन्हें भारत रत्न देने की मांग की, जिसने राज्य के सियासी पारे को बढ़ा दिया है।

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर दलितों के उत्थान में कांशीराम के योगदान को रेखांकित किया और उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजने का आग्रह किया। हालांकि, कांग्रेस की इस पहल पर बसपा प्रमुख मायावती ने कड़ी आपत्ति जताई है। मायावती ने राहुल गांधी की मांग को बेतुका करार देते हुए कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब उन्होंने कांशीराम को सम्मानित क्यों नहीं किया? उन्होंने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी दोनों को दलित विरोधी बताते हुए आरोप लगाया कि ये दल केवल चुनावों के वक्त बहुजन नायकों को याद करते हैं।

मायावती ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सपा और कांग्रेस के पास अब अपने कोई महान नेता नहीं बचे हैं, इसलिए वे बसपा के महापुरुषों के नाम पर वोट बटोरने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि जब कांशीराम जीवित थे, तब इन्हीं पार्टियों ने उन्हें हमेशा नजरअंदाज किया। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर भी निशाना साधा और कहा कि अखिलेश यादव द्वारा हर जिले में कांशीराम जयंती को पीडीए दिवस के रूप में मनाना महज एक अवसरवादी कदम है। मायावती के अनुसार, बसपा शासनकाल में कांशीराम के सम्मान में किए गए कार्यों को सपा सरकार ने ही पलटने का काम किया था। सत्ता पक्ष की ओर से भी इस मामले पर प्रतिक्रिया आई है। यूपी के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए पूछा कि दशकों तक सत्ता में रहने के दौरान कांग्रेस को कांशीराम की याद क्यों नहीं आई? दूसरी ओर, मायावती ने अपने समर्थकों को आगाह करते हुए कहा कि ये पार्टियां बसपा को खत्म करने की सोची-समझी रणनीति के तहत काम कर रही हैं। उन्होंने चमचा युग पुस्तक का जिक्र करते हुए विपक्षी दलों के साथ जुड़े दलित नेताओं को भी आड़े हाथों लिया। उत्तर प्रदेश में एक साल बाद होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले कांशीराम के सम्मान को लेकर शुरू हुआ यह विवाद आने वाले दिनों में और गहराने के आसार हैं।

## रिटायर्ड अफसर को दस दिन तक रखा डिजिटल अरेस्ट, 1.05 करोड़ रुपए भी ठगे

### खुद को सीबीआई अधिकारी बता मनी लॉन्ड्रिंग में फंसाने और गिरफ्तार करने की दी धमकी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** मुंबई, (ईएमएस)। देश में साइबर क्राइम दिन ब दिन बढ़ते ही जा रहे हैं और लोगों की महनत की कमाई ठग बड़ी चालाकी से अपने बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला मुंबई के दादर इलाके से सामने आया यहां एक बुजुर्ग नागरिक को 10 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट करके उससे 1.05 करोड़ रुपए ठगने का मामला सामने आया है। सेवानिवृत्त अधिकारी श्रेयष परलकर (71) से ठगों ने खुद को सरकारी एजेंसियों का अधिकारी बताकर मानसिक दबाव और डर दिखाकर ठगी को अंजाम दिया।

मीडिया रिपोर्ट में पीड़ित के मुताबिक 4 मार्च को उन्हें एक अनजान नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को ट्राई के दिल्ली मुख्यालय का अधिकारी बताया। उसने दावा किया कि पीड़ित के आधार कार्ड का इस्तेमाल कर एक नया मोबाइल नंबर जारी किया गया है, जिसका इस्तेमाल अवैध मैसेज और उत्पीड़न के लिए किया जा रहा है। इसके बाद कॉल को फर्जी सीबीआई अधिकारियों के पास ट्रांसफर किया। अलग-अलग लोगों ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर पीड़ित को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फंसाने और गिरफ्तार करने की धमकी दी। ठगों ने भरोसा जीतने के लिए फर्जी कोर्ट ऑर्डर, अरेस्ट वारंट और सरकारी लेटरहेड तक व्हाट्सएप पर भेजे। रिपोर्ट के मुताबिक ठगों ने पीड़ित को यह कहकर डिजिटल अरेस्ट किया कि वह जांच के दायरे में हैं और कहीं बाहर संपर्क नहीं कर सकते। उन्हें एक मैसेजिंग ऐप डाउनलोड कराकर हर दो घंटे में मैं सुरक्षित हूं जैसी रिपोर्ट भेजने को कहा। इस दौरान उन्हें बार-बार डराया गया और सहयोग न करने पर गिरफ्तारी की धमकी दी गई। ठगों ने पीड़ित से उनकी बैंक डिटेल, निवेश और बचत की पूरी जानकारी हासिल की। इसके बाद फंड वेरिफिकेशन के नाम पर अलग-अलग बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया।

रिपोर्ट के मुताबिक 6 मार्च से 12 मार्च के बीच पीड़ित ने चार अलग-अलग ट्रांजेक्शन में कुल 1.05 करोड़ रुपए ट्रांसफर कर दिए। 15 मार्च को पीड़ित के बेटे ने उनका मोबाइल चेक किया, तब पूरे फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। इसके बाद तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों और संबंधित बैंक खाताधारकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भारतीय नौसेना ने तैयार किया अभेद्य समुद्री सुरक्षा कवच कच्चे तेल और गैस के टैंकरों को मिल रही पूरी सुरक्षा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक तेल आपूर्ति पर मंडराते खतरों को देखकर भारतीय नौसेना ने देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक अभेद्य समुद्री सुरक्षा कवच तैयार कर लिया है। इस रणनीतिक मिशन के तहत, नौसेना ने उत्तरी अरब सागर में दो विशेष टास्क फोर्स तैनात की हैं, जो भारत आने वाले कच्चे तेल और गैस के टैंकरों को संवेदनशील मार्गों से सुरक्षित बाहर निकालने के लिए निरंतर एस्कॉर्ट प्रदान कर रही हैं। यह अभियान न केवल व्यापारिक जहाजों को संभावित हमलों या अवरोधों से बचाता है, बल्कि वैश्विक शिपिंग गलियारों में अनिश्चितता के बीच भारत की एनर्जी लाइफलाइन को बनाए रखता है। 2019 से इस क्षेत्र में अपनी सक्रिय उपस्थिति रख रही भारतीय नौसेना की यह त्वरित तैनाती भारत के उस कड़े संकल्प को दिखाती है, जहाँ वह अपनी अर्थव्यवस्था को किसी भी बाहरी दबाव या आपूर्ति में होने वाली रुकावट से सुरक्षित रखने के लिए हर स्तर पर तैयार है।

नौसेना के अधिकारियों ने बताया कि नौसेना ने उत्तरी अरब सागर में दो टास्क फोर्स तैनात की हैं, ताकि भारत आने वाले व्यापारिक जहाजों और टैंकरों का सुरक्षित आवागमन मिल सके। सुरक्षा अभियान पिछले सप्ताह शुरू हुए थे, जिसमें नौसैनिक जहाज संवेदनशील हिस्सों से गुजरते समय जहाजों के साथ चलते हैं और फिर उन्हें भारतीय बंदरगाहों की ओर निर्देशित करते हैं। नौसेना वाणिज्यिक शिपिंग को पूरी सुरक्षा प्रदान कर रही है, जिसका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य और उसके आसपास बढ़ते जोखिमों के बीच आपूर्ति में किसी भी रुकावट को रोकना है।

यह तैनाती भारत की ऊर्जा जीवनरेखाओं को सुरक्षित करने के प्रयास का हिस्सा है, क्योंकि देश के कच्चे तेल और गैस आयात का एक बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से होकर जाता है।

अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान मिशन व्यापक समुद्री सुरक्षा ग्रिड का हिस्सा है, इस प्रमुख समुद्री मार्गों की रक्षा करने और ऊर्जा आपूर्ति के निर्बाध प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल पारगमन बिंदुओं में से एक बना हुआ है, जिससे इस क्षेत्र में कोई भी अस्थिरता भारत की अर्थव्यवस्था के लिए प्रत्यक्ष चिंता का विषय बन जाती है।

बात दें कि नौसेना 2019 से समुद्री डकैती विरोधी और समुद्री सुरक्षा अभियानों के हिस्से के रूप में, ओमान की खाड़ी और अदन की खाड़ी सहित आस-पास के जलक्षेत्रों में अपनी निरंतर उपस्थिति बनाए हुए है। यह नवीनतम तैनाती उन प्रयासों को आगे बढ़ाती है, और बढ़ते तनाव के बीच



नौसेना की परिचालन पहुंच का विस्तार करती है।

# कार से मिली 15 लाख रु कीमत की 3 किलो अवैध अफीम, दो आरोपी गिरफ्तार, नाकाबंदी तोड़कर भागे थे तस्कर टीम ने पीछा कर पकड़ा

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

भीलवाडा की मंगरोप थाना पुलिस और डीएसटी ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 3 किलो 100 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम को जप्त किया और अवैध मादक पदार्थ अफीम का परिवहन करते हुए दो आरोपी हरपेन्द्र सिंह और हरमनजोत को गिरफतार किया है। वही घटना में प्रयुक्त पंजाब पासिंग ब्रेजा कार को भी कब्जे में लिया । जब्त अवैध मादक पदार्थ अफीम की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीबन 15 लाख रूपये है । एसपी धर्मेन्द्र सिंह के आदेशानुसार जिले में अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए एएसपी मुख्यालय पारसमल जैन के निर्देशन में व माधव उपाध्याय (आई.पी.एस.) वृत्ताधिकारी वृत्त सदर के सुपरविजन में विशेष टीम का गठन किया जिसका नेतृत्व थाना प्रभारी कन्हैया लाल जिला स्पेशल टीम व मंगरोप थाना प्रभारी विजय मीणा ने किया ।

### नाकाबंदी तोड़ी टीम ने पीछा कर पकड़ा

19.03.2026 को जरीये टेलिफोन कांस्टेबल रमेश कुमार डीएसटी टीम भीलवाडा ने थानाधिकारी मंगरोप विजय मीणा को सूचना दी की एक ब्रेजा सिल्वर कलर पंजाब पासिंग जो चितोडगढ



से भीलवाडा की तरफ आ रही है जिसमे कोई अवैध मादक पदार्थ हो सकता है। उक्त सूचना पर नेशनल हाईवे नम्बर 48 पर गुवारडी नाला के पास चितौड से भीलवाडा की तरफ आने वाली रोड पर नाकाबन्दी शुरू की गयी। दौराने नाकाबन्दी एक ब्रेजा कार आती हुई नजर आई जिसको एसएचओ ने मय जाप्ता रूकवाने का प्रयास किया तो वाहन चालक ने अपनी गाडी को पुलिस जाप्ते को देख नाकाबंदी तोड सर्विस रोड पर भगाने लगा जिसका पिछा कर पुर बाईपास सर्विस रोड मंडपीया स्टेशन अण्डरब्रिज के निचे सरहद मंडपीया पर रोक कर देखा तो गाडी में दो व्यक्ति बैठे हुये थे जिनका नाम पता पुछा तो चालक ने अपना नाम हरपेन्द्र सिंह व खलासी साईड में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम हरमनजोत सिंह बताया जिनके कब्जे से तीन पारदर्शी प्लास्टीक की थैलियों में अवैध मादक पदार्थ अफीम जिनका कुल वजन 3 किलो 100 ग्राम जप्त किया गया और घटना में प्रयुक्त वाहन ब्रेजा कार को जप्त कर उक्त दोनों आरोपियों को गिरफतार किया गया और एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया ।

### टीम के सदस्य


गठित टीम में डीएसटी प्रभारी कन्हैया लाल, मंगरोप थाना अधिकारी विजय मीणा, नारायण लाल सउनि, राकेश, धोलाराम, भगवान लाल, रमेश जिला स्पेशल टीम (विशेष योगदान), घीसु लाल डीएसटी शामिल रहे ।

### ये दोनों हुए गिरफ्तार

हरपेन्द्र सिंह पिता रघुवीर सिंह जाति जट सिक्ख उम्र 42 साल निवासी रायकोट थाना रायकोट जिला लुधियाना पंजाब और हरमनजोत पिता स्व दलजीत सिंह जाति जट सिक्ख उम्र 20 साल निवासी कुतवा थाना महल कला जिला बरनाला पंजाब को गिरफ्तार किया।

# कंटेनर व कार में हुई जोरदार टक्कर, कार चालक सीए की मौत





स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** सवाईपुर कस्बे में कोटड़ी चौराया के निकट बुधवार देर रात नेशनल हाईवे 758 पर एक कंटेनर व कार में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई जिसमे कार चालक युवक की मौत हो गई । सुचना पर सवाईपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची । चौकी प्रभारी एएसआई प्यार चंद खटीक ने बताया कि भीलवाड़ा कोटा रोड़ पर सवाईपुर के कोटड़ी चौराहे के पास बुधवार देर रात को भीलवाड़ा से बीगोद की तरफ जा रहे कंटेनर की सामने से आ रही कार से आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई, टक्कर इतनी जबरदस्त थी की कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से चकनाचूर हो गया । इस हादसे में कार चालक पीयूष शर्मा ( चार्टर्ड अकाउंटेंट ) पिता राम कृष्ण शर्मा निवासी ओल्ड हाउसिंग बोर्ड, शास्त्री नगर, भीलवाड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया, गंभीर घायल को सवाईपुर 108 एंबुलेंस के मदद से जिला चिकित्सालय रेफर किया गया जहां डॉक्टर ने पीयूष को मृत घोषित किया । पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटाया, वही मौके पर ग्रामीणों व राहगीरों की भीड़ जमा हो गई । पुलिस ने गुरुवार सुबह जिला चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया, मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

मांडलगढ़-बिजौलिया में बदली गांवों की तस्वीर

# 180 करोड़ की पेयजल योजना से 44 हजार घरों तक पहुंचा शुद्ध पानी



स्मार्ट हलचल | मांडलगढ़

मांडलगढ़-बिजौलिया क्षेत्र में ग्रामीणों के जीवन में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत 'रेट्रोफिटिंग ऑफ क्लस्टर पेयजल परियोजना' ने सैकड़ों गांवों की तस्वीर बदल दी है। वर्षों से पेयजल संकट और फ्लोराइड-खारे पानी की समस्या से जूझ रहे इलाके में अब हर घर नल कनेक्शन के जरिए शुद्ध पेयजल पहुंच रहा है।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत मांडलगढ़-बिजौलिया ब्लॉक के 307 गांवों की 168 ढाणियों को जोड़ा गया है। योजना के प्रशासनिक और वित्तीय प्रस्ताव को 2 जुलाई 2021 को मंजूरी मिली थी, जिसके तहत करीब 180.57 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए। बाद में तकनीकी स्वीकृति के तहत 151.24 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई। परियोजना का कार्यादेश 11 फरवरी 2022 को जारी हुआ और इसके बाद निर्माण कार्य तेजी से शुरू किया गया।

### 1100 किमी से ज्यादा पाइपलाइन, जल संरचनाओं का जाल

परियोजना के तहत क्षेत्र में 1169 किलोमीटर से अधिक लंबी पाइपलाइन बिछाई गई। इसके साथ ही एक स्वच्छ जलाशय, 16 उच्च जलाशय और एक पंप हाउस का निर्माण किया गया। इन संरचनाओं के जरिए अब पूरे क्षेत्र में नियमित रूप से जलापूर्ति की जा रही है। वर्तमान में करीब 44,498 घरों को नल कनेक्शन से जोड़कर शुद्ध पानी उपलब्ध कराया जा रहा है।

### पहले पानी के लिए तय करनी पड़ती थी लंबी दूरी

परियोजना से पहले क्षेत्र के अधिकांश गांव फ्लोराइड और सैलिनिटी से प्रभावित थे। स्थानीय जल स्त्रोत सीमित और अनुपयोगी थे। ऐसे में ग्रामीणों, खासकर महिलाओं को प्रतिदिन 3 से 4 किलोमीटर दूर जाकर पानी लाना पड़ता था। इससे उनका काफी समय और श्रम खर्च होता था और स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ता था।

### अब हर घर तक पहुंचा साफ पानी, सुधरा स्वास्थ्य

योजना लागू होने के बाद अब ग्रामीणों को घर-घर नल कनेक्शन के जरिए शुद्ध और सुरक्षित पेयजल मिल रहा है। इससे जलजनित बीमारियों में कमी आई है और लोगों के स्वास्थ्य में सुधार देखने को मिला है। बच्चों और बुजुर्गों को भी अब स्वच्छ पानी आसानी से उपलब्ध हो रहा है।

### महिलाओं को मिली राहत, रोजगार के अवसर भी बढ़े

इस योजना का सबसे बड़ा लाभ महिलाओं को मिला है। अब उन्हें पानी के लिए दूर नहीं जाना पड़ता, जिससे उनका समय बच रहा है। साथ ही महिलाओं को फील्ड टेस्ट किट (स्ग्च) के जरिए पानी की गुणवत्ता जांचने का प्रशिक्षण दिया गया है। इससे वे जल गुणवत्ता की निगरानी में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं और उन्हें रोजगार के अवसर भी मिले हैं।

### ग्रामीण जीवन स्तर में आया व्यापक बदलाव

पेयजल परियोजना ने क्षेत्र में केवल पानी की समस्या ही दूर नहीं की, बल्कि ग्रामीण जीवन स्तर में व्यापक सुधार किया है। समय की बचत, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और रोजगार के अवसरों ने गांवों को नई दिशा दी है। मांडलगढ़-बिजौलिया की यह सफलता अब अन्य क्षेत्रों के लिए भी एक मॉडल बनती जा रही है।

### प्रशासन का दावा—हर घर जल का लक्ष्य हो रहा साकार

प्रशासन का कहना है कि इस तरह की योजनाओं के जरिए सरकार का 'हर घर जल' का लक्ष्य तेजी से पूरा हो रहा है। मांडलगढ़-बिजौलिया क्षेत्र इसका ताजा उदाहरण है, जहां एक योजना ने हजारों लोगों की जिंदगी आसान बना दी है।

# जोगणिया माता शक्तिपीठ पर चैत्र नवरात्र का शंखनाद

विधायक सुरेश धाकड़ और प्रशासनिक अधिकारियों ने किए दर्शन; संतों के सानिध्य में हुई महाआरती, हजारों श्रद्धालुओं ने नवाया शीश

## जयकारों के बीच हुआ ध्वजारोहण, उमड़ा आस्था का सैलाब

स्मार्ट हलचल| लाडपुरा

क्षेत्र के प्रसिद्ध और ऐतिहासिक आस्था के केंद्र जोगणिया माता शक्तिपीठ में गुरुवार को चैत्र नवरात्र महोत्सव का विधि-विधान के साथ भव्य शुभारंभ हुआ। शुभ मुहूर्त में माता के दरबार में ध्वजारोहण के साथ ही नौ दिवसीय नवरात्र अनुष्ठान की शुरुआत हुई। इस पावन अवसर पर समूचा मंदिर परिसर 'जय माता दी' के जयकारों से गूंज उठा और हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ माता के दर्शनों के लिए उमड़ पड़ी।





### संतों के सानिध्य में हुई भव्य महाआरती:

नवरात्र स्थापना के साथ ही माता रानी की भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में मेंड्केश्वर महादेव के महंत नंदकिशोर दास, महंत यति महाराज और महंत बालक दास सहित कई संत-महात्माओं का सानिध्य प्राप्त हुआ। संतों और हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी से पूरा वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

### विधायक और अधिकारियों ने सराही व्यवस्था:

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक सुरेश धाकड़ ने विशेष रूप से शिरकत की और माता के दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। उन्होंने शक्तिपीठ संस्थान द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए गए बेहतर प्रबंधन और व्यवस्थाओं की जमकर सराहना की। इस दौरान उपखंड अधिकारी अंकित सामरिया, तहसीलदार गोपाल जीनगर, उप तहसीलदार विष्णु यादव, थाना अधिकारी कमलचंद मीणा और वनपाल रामनारायण सिंह सहित कई प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

### संस्थान ने किया अतिथियों का स्वागत:

शक्तिपीठ संस्थान के अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने सभी संत-महात्माओं, अतिथियों और प्रशासनिक अधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान किया। नवरात्र पर्व के चलते आगामी नौ दिनों तक यहाँ श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहने की संभावना है, जिसे देखते हुए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

इस अवसर पर संस्थान के प्रेमचंद धाकड़, कुणाल व्यास, कन्हैयालाल मेवाड़ा, सूरजमल गुर्जर, सरपंच राजकुमार सेन, बख्तावर सिंह, प्रभुलाल धाकड़, मदन गोपाल चेची, शंभूलाल, सीताराम धाकड़, लक्ष्मण धाकड़, बालू सुथार, रूपलाल धाकड़, मुकेश आमेटा, कमल गुर्जर, शांतिलाल धाकड़, लेखाकार धनराज छिपा, व्यवस्थापक शंकरलाल धाबाई, महेंद्र सोलंकी और बरदा गुर्जर सहित अनेक गणमान्य नागरिक और सेवादार उपस्थित रहे।

# बरसनी गांव में लगातार पैंथर की मूवमेंट से ग्रामीणों में दहशत

खनन क्षेत्र में डाल रखा है डेरा, पशुओं को बना रहे है शिकार



स्मार्ट हलचल|रोहित सोनी

**आसींद।** बरसनी गांव में इन दिनों पैंथर के लगातार दिखाई देने से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। हालात ऐसे हो गए हैं कि लोग घर से बाहर निकलने में भी डर महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बरसनी क्षेत्र अब पैंथर की शरण स्थली बनता जा रहा है। खेतों के नजदीक स्थित माइंस क्षेत्र में पैंथर ने डेरा डाल रखा है, जिससे आसपास के किसानों की चिंता बढ़ गई है। पैंथर के डर के कारण किसान अपने खेतों में फसल कटाई तक नहीं कर पा रहे हैं। वहीं, आए दिन पालतू पशुओं को शिकार बनाए जाने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। कुछ दिनों पहले पैंथर ने करीब 25 मुर्गियों को अपना शिकार बना लिया था, जिससे मुर्गी पालक को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि वन विभाग को कई बार सूचना देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे लोगों में नाराजगी भी बढ़ रही है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि इस मार्ग से गुजरने में भी ग्रामीण डरने लगे हैं। इसी बीच फतेहपुरा निवासी धर्मेंद्र गुर्जर ने हाल ही में पैंथर को देखने की पुष्टि की है, जिससे क्षेत्र में दहशत और बढ़ गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द से जल्द पैंथर को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# सीएसआर-एमएसएमई कार्यशाला बनी औपचारिकता?, न उद्योग जगत जुड़ा न निकला कोई ठोस निष्कर्ष?

खाली कुर्सियां?, सीमित भागीदारी और बिना ठोस रोडमैप के खत्म हुआ आयोजन?







स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

भीलवाड़ा के एक निजी होटल में आयोजित सीएसआर एवं एमएसएमई कार्यशाला उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी? बड़े प्रचार-प्रसार के बावजूद कार्यशाला में उद्योग जगत की भागीदारी बेहद सीमित रही?, जिससे आयोजन की गंभीरता पर ही सवाल खड़े हो गए।

राजस्थान दिवस 2026 के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन एवं जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र द्वारा गुरुवार को भीलवाड़ा में सीएसआर एवं एमएसएमई जागरूकता कार्यशाला का आयोजन होटल हरिविलास, पुर रोड में किया गया? कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्री दामोदर अग्रवाल द्वारा किया गया? कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा देवठिया ने की? कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ?

कार्यशाला का उद्देश्य कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (ष्टस्) के माध्यम से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (रूस्स्ध) को सशक्त बनाना बताया गया था?, लेकिन कार्यक्रम में न तो प्रमुख उद्योगपति नजर आए और न ही कोई ठोस योजना सामने रखी गई? हालात यह रहे कि कई सत्रों में कुर्सियां खाली दिखीं? और उपस्थित लोगों की संख्या उंगलियों पर गिनी जा सकती थी।

विशेषज्ञों के नाम पर औपचारिक वक्तव्य दिए गए?, जिनमें जमीनी हकीकत और स्थानीय उद्योगों की समस्याओं पर गंभीर चर्चा का अभाव दिखा? उद्यमियों का कहना है कि इस तरह की कार्यशालाएं केवल खानापूर्ति बनकर रह जाती हैं?, जबकि जरूरत है व्यावहारिक समाधान और सीधी सहायता की।

कार्यक्रम के अंत में कोई स्पष्ट रोडमैप या फॉलोअप प्लान घोषित नहीं किया गया?, जिससे यह आयोजन सिर्फ कागजी उपलब्धि बनकर रह गया? स्थानीय उद्योग संगठनों ने भी अप्रत्यक्ष रूप से नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि ऐसे आयोजन प्रभावी नहीं होंगे?, तो भविष्य में इनकी उपयोगिता पर सवाल उठते रहेंगे।

कुल मिलाकर, जिस कार्यशाला से उद्योगों को नई दिशा मिलने की उम्मीद थी?, वह फीकी साबित हुई? और जिम्मेदारों की तैयारी पर प्रश्नचिह्न छोड़ गई?

90 साल पुरानी परंपरा

# 40 किलो चांदी के बैवान में भक्तों के द्वारा पहुंचेंगे चारभुजा नाथ

## चारभुजा नाथ को अर्पण किया 56 भोग

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

श्री माहेश्वरी समाज श्री चारभुजा जी मंदिर ट्रस्ट के तत्वाधान शोभा यात्रा एवं फूल डोल महोत्सव के तहत 40 किलो के चांदी के बेवान में राधा कृष्ण ठाकुर जी विराजित होकर नगर भ्रमण को आज साय 15 घंटे घर-घर जाकर भक्तों संग होली खेलेंगे।

ट्रस्ट मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भाती चैत्र कृष्णा अमावस्या संवत 2082 गुरुवार को ट्रस्ट द्वारा बड़े मंदिर में भगवान श्री चारभुजा नाथ का प्रातः मंत्र उपचार के साथ दुग्ध अभिषेक किया गया।

ट्रस्ट द्वारा छप्पन भोग की झांकी सजाई गई चारभुजा नाथ के षठरस 56 तरह के व्यंजनों से भोग अर्पण किया गया दोपहर महा आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

श्री माहेश्वरी समाज श्री चारभुजा मंदिर में 293 साल पूर्व चारभुजा नाथ की 10 अवतार सहित प्रतिमा स्थापना के बाद 90 वर्ष से फूलडोल महोत्सव की परंपरा चली आ रही है इसके तहत चांदी के बैवान में राधा कृष्ण की मूर्तियां ठाकुर जी घर-घर जाते हैं जहां हर घर में परिवार सहित आरती कर प्रसाद वितरण होता है पहले चांदी का बैवान 50 किलो का था जिसे अभी हल्का कर नया बनवाकर 40 किलो का बनाया गया चारभुजा नाथ बड़े मंदिर से दूधाधारी मंदिर तक भक्तों के कंधों पर ले जाया जाता है उसके बाद लकड़ी से बने रथ पर बेठाकर ठाकुर जी रात भर 15 घंटे घर-घर भक्तों के यहां जाकर दर्शन देते हैं अगले दिन प्रातः 7:30 बजे बैवान बड़ा मंदिर पहुंचता है



चारभुजा नाथ के ध्वजा अर्पण कार्यक्रम एवं 56 भोग में ट्रस्ट के संरक्षक उदयलाल समदानी, रामेश्वर लाल तोषनीवाल ,अध्यक्ष चंद्रसिह तोषनीवाल, मंत्री प्रहलाद राय भदादा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाल मुकुंद राठी, उपाध्यक्ष नंदकिशोर दरक, रामस्वरूप तोषनीवाल, सुनील कुमार सोनी, बद्रीलाल डाड, रमेश बाहेती, छीतरमल डाड, प्रमोद डाड, राकेश पटवारी, सत्यनारायण तोतला, रमेश चंद्र जागेटीया उपस्थत रहे इस अवसर पर भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी, सत्यनारायण डाड,कैलाश बाहेती, विकास समदानी उपस्थित रहे

फागा की अमावस के अवसर पर आयोजित शहर का एकमात्र आयोजन जिसमें चांदी के बेवान में ठाकुर जी विराजित होकर घर-घर भक्तों सघ गुलाल खेल दर्शन देते हैं ट्रस्ट द्वारा आयोजित शोभा यात्रा व फूल डोल महोत्सव के तहत ठाकुर जी नगर भ्रमण को निकलते जो शहर के बड़े मंदिर से धानमंडी दूधाधारी गोपाल मंदिर भदादा मोहल्ला कृष्ण मोहल्ला, माणिक्य नगर सर्राफा बाजार से पुराना भीलवाड़ा की विभिन्न गलियों से होते हुए भक्तों के साथ गुलाल खेलते हुए रात भर शोभायात्रा बेन्ड बाजो ढोल नगाड़े के साथ चलकर अगले दिन 20 मार्च शुक्रवार को प्रातः 7:30 बजे मंदिर प्रांगण पहुंचती है जिसमें भक्तगण चारभुजा नाथ सघ बड़े चाव से गुलाल खेलते हैं।

# बाण माता शक्तिपीठ पर चैत्र नवरात्र महोत्सव का भव्य आगाज़

मंदिर परिसर में आकर्षक सजावट; घट स्थापना के साथ शुरू हुए अनुष्ठान, लकवा ग्रस्त रोगियों के लिए निःशुल्क भोजन व्यवस्था जारी

स्मार्ट हलचल|लाडपुरा

क्षेत्र के प्रसिद्ध आस्था धाम बाण माता शक्तिपीठ मंदिर पर चैत्र नवरात्र घट स्थापना महोत्सव का बड़े ही हर्षोल्लास और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भव्य शुभारंभ हुआ। नवरात्र के इस पावन अवसर पर संपूर्ण मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे फूलों और आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया है, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। शुभ मुहूर्त में विद्वान पंडितों द्वारा गाजे-बाजे के साथ घट स्थापना की गई। अब मंदिर में नौ दिनों तक नियमित पूजा-अर्चना, गायत्री अनुष्ठान और शतचंडी यज्ञ चलेंगे।

दान पात्र से निकली 5 लाख से अधिक की राशिः



शक्तिपीठ विकास संस्थान के अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव की शुरुआत से पूर्व अमावस्या के दिन श्रद्धालुओं एवं संस्थान के पदाधिकारियों की मौजूदगी में मंदिर का दान पात्र खोला गया। इसमें माता के भक्तों द्वारा 5,74,578



(पांच लाख चौहतर हजार पांच सौ अठहत्तर) की सहयोग राशि प्राप्त हुई।

महोत्सव के प्रमुख आगामी कार्यक्रमः

23 मार्च (पंचमी): प्रभात फेरियों का विशाल महासंगम और भव्य जागरण।

25 मार्च (बुधवार): पाटोत्सव के तहत दोपहर 12:15 बजे हवनात्मक दुर्गा पाठ, रुद्राभिषेक और महाआरती।

अष्टमीः महारात्र जागरण में श्रद्धालुओं के लिए रात भर विशेष दर्शन व्यवस्था रहेगी। भजन संध्या में प्रसिद्ध गायक पूरण गुर्जर, युवराज वैष्णव, सोनू भीलवाड़ा और अनु पांचाल अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे।

27 मार्च (समापन): प्रातः 11:15 बजे माता की छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी। इसके पश्चात विशाल शोभायात्रा निकालकर मेनाली नदी पर पाती विसर्जन होगा और महाप्रसाद वितरित किया जाएगा।

लकवा ग्रस्त रोगियों के लिए निशुल्क सेवाः

संस्थान द्वारा एक अनुकरणीय पहल करते हुए लकवा ग्रस्त रोगियों के लिए नियमित रूप से निशुल्क नाश्ते और भोजन की व्यवस्था की जा रही है। अध्यक्ष शर्मा ने इस पुनीत कार्य के लिए दानदाताओं से सहयोग की अपील की है।

इस महोत्सव में राजस्थान के अलावा मध्य प्रदेश, गुजरात और उत्तर प्रदेश से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। घट स्थापना के अवसर पर अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, नंदकिशोर सनाढ्य, कन्हैया लाल धाकड़, अमरनाथ योगी, धनराज कुमावत, प्रमोद कुमार धाकड़, लादू लाल, बालू सिंह, खाना धाकड़, धर्मचंद जैन और शंभू सिंह सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।


# शाहपुरा का नाम बदलने की उठी मांग, साध्वी सरस्वती का बड़ा बयान 'रामस्नेही नगर' नाम रखने की अपील, गूंजे शस्त्र-शास्त्र के स्वर

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** नवसंवत्सर के पावन अवसर पर धार्मिक उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर शाहपुरा इस बार एक बड़े बयान को लेकर सुर्खियों में आ गया। हिंदू नववर्ष समाजोत्सव समिति द्वारा आयोजित भव्य कलश यात्रा और धर्मसभा के बीच छिंदवाड़ा से पधारी साध्वी सरस्वती ने ऐसा मुद्दा उठाया, जिसने पूरे शहर में चर्चा की लहर दौड़ा दी।

हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान में आयोजित इस विशाल आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी ने माहौल को पूरी तरह भगवामय बना दिया। बैंड-बाजों की गूंज, डीजे की धुन और हाथों में लहराते भगवा ध्वजों के बीच निकली कलश यात्रा ने शहर के प्रमुख मार्गों को भक्तिरस में डुबो दिया। हर ओर 'जय श्रीराम' के उद्घोष और आस्था का सैलाब उमड़ता नजर आया।

इसी मंच से साध्वी सरस्वती ने शाहपुरा के नाम को लेकर बड़ा बयान देते हुए इसे बदलने की मांग कर डाली। उन्होंने कहा, 'शाहपुरा नाम में 'शाह' शब्द हमारी संस्कृति और परंपरा से मेल नहीं खाता। यह भूमि किसी शाहजहां की नहीं, बल्कि रामभक्तों और धर्मप्रेमियों की



पावन धरती है।' उनके इस बयान के बाद सभा में मौजूद लोगों के बीच हलचल और चर्चा तेज हो गई।

साध्वी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से अपील करते हुए कहा कि शाहपुरा का नाम बदलकर 'रामस्नेही नगर' किया जाना चाहिए, जिससे क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान और मजबूत हो सके। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि यहां रामस्नेही संप्रदाय के अनुयायियों की बड़ी संख्या निवास करती है, ऐसे में यह नाम पूरी तरह उपयुक्त और भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ होगा।

अपने ओजस्वी संबोधन में साध्वी सरस्वती ने केवल नाम परिवर्तन की मांग तक ही बात सीमित नहीं रखी, बल्कि समाज को जागरूक करने का भी प्रयास किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में केवल धार्मिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है,



बल्कि आत्मरक्षा का ज्ञान भी बेहद जरूरी है। विशेष रूप से महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'हर माता-बहन को शास्त्र के साथ-साथ शस्त्र का ज्ञान भी होना चाहिए। खाना बनाना आए या न आए, लेकिन तलवार चलाना जरूर आना चाहिए।'

उन्होंने देश की आंतरिक चुनौतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत को सबसे बड़ा खतरा बाहरी शक्तियों से नहीं, बल्कि भीतर छिपे 'जयचंदों' से है, जो अपने स्वार्थ के लिए राष्ट्रहित से समझौता कर लेते हैं। ऐसे तत्वों से सावधान रहने का संदेश देते हुए उन्होंने समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया। अपने भाषण के दौरान साध्वी ने ऐतिहासिक और धार्मिक मुद्दों को भी छुआ। उन्होंने कहा, 'अयोध्या तो अभी केवल झांकी है, मथुरा और काशी बाकी हैं।' हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उन्हें किसी धर्मस्थल से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन वे इस बात का विरोध करती हैं कि कई मस्जिदें मंदिरों को तोड़कर बनाई गईं। उन्होंने कहा कि धार्मिक सौहार्द बनाए रखते हुए भी इतिहास की सच्चाइयों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

कार्यक्रम की शुरुआत गोमाता पूजन और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। मैदान को तिरंगे और भगवा ध्वजों से सजाया गया था, जो राष्ट्रभक्ति और धर्मभाव का अद्भुत संगम प्रस्तुत कर रहा था। इस अवसर पर समाजोत्सव समिति के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद जोशी, ब्रह्माकुमारी संगीता बहन





सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. परमेश्वर कुमावत ने प्रभावी ढंग से किया। कलश यात्रा और धर्मसभा में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की बड़ी संख्या में भागीदारी ने यह साबित कर दिया कि शाहपुरा में धर्म और संस्कृति के प्रति आस्था आज भी जीवंत है। नवसंवत्सर का यह आयोजन जहां एक ओर धार्मिक चेतना का संचार करता नजर आया, वहीं दूसरी ओर साध्वी सरस्वती के बयान ने शहर की राजनीति और सामाजिक चर्चाओं को भी नई दिशा दे दी है। अब देखना दिलचस्प होगा कि 'रामस्नेही नगर' की यह मांग कितनी गति पकड़ती है और सरकार इस पर क्या निर्णय लेती है।

# लापिया में कबड्डी प्रतियोगिता सीजन 4 का आयोजन



स्मार्ट हलचल|बनेड़ा

उपखण्ड सर्किल के लापिया गांव में सात दिवसीय लापिया प्रो कबड्डी लीग सीजन 4 का आयोजन जारी।

लापिया प्रो कबड्डी प्रतियोगिता आयोजन कमेटी के सदस्य लक्ष्मण सिंह सांखला ने बताया कि। इस टुनामेंट मे कुल 6 टीमें भाग ले रही। प्रतियोगिता का शुभारंभ ठा. नारायण सिंह एवं केलाश सिंह भाटी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। आयोजन कमेटी की और से विजेता टीम को पारितौषिक के रूप में राशि 31000 नकद व ट्रॉफी तथा द्वितीय को 15000 रुपये व ट्राफी एवं तृतीय स्थान पर रहने वाली टीम को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 5100 रूपये प्रदान किए जाएंगे। इस दौरान कमेटी सदस्य गणेश वैष्णव,जाकिर मंसूरी, स्वरूप सिंह, मुस्ताक खा, महेन्द्र जाट समस्त लापिया ग्रामवासी मौजूद थे।

# अधिवक्ता परिषद ने न्यायालय मे ठंडाई वितरित कर नववर्ष का किया स्वागत



स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद अध्यक्ष रतन लाल जाट व महासचिव राकेश जैन के नेतृत्व मे न्यायालय परिसर मे ठंडाई वितरण कर नववर्ष विक्रम संवत 2083 के आगमन पर जिला न्यायालय परिसर मे कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इससे पूर्व सुबह अधिवक्ता परिषद अध्यक्ष रतन लाल जाट, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, सचिव पीरू सिंह गौड़, चित्तोड़ प्रान्त मंत्री राजेश सामरिया, अधिवक्ता परिषद संरक्षक सुरेशचंद्र सुवालका, राजेंद्र कुमार कचोलिया, आदित्यनारायण जाजपुरा, युवराज चंदेल, अंकित शर्मा, रामेश्वरलाल विजयवर्गीय, रघुनन्दन सिंह कानावत, धर्मवीर सिंह कानावत व कार्यकारिणी द्वारा अधिवक्ताओ को तिलक लगाकर, मिश्री, कालीमिर्च व नीम के नवीन पत्तों का प्रसाद वितरित कर सभी को नव वर्ष की शुभकामनायें दी।

इसके पश्चात दोपहर मे अधिवक्ता परिषद की कार्यकारिणी व प्रान्त पदाधिकारियों द्वारा न्यायालय परिसर मे दूध, केसर व बादाम मिक्स कर ठंडाई तैयार की गई व सभी न्यायाधीशो, अधिवक्ताओं पक्षकारगण, टाइपिस्ट, न्यायालय स्टॉफ व पुलिस स्टॉफ ने ठंडाई का भरपूर आनंद लिया और सभी को नव वर्ष की शुभकामनायें प्रेषित की।

ठंडाई वितरण कार्यक्रम मे जिला अभिभाषक संस्था अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़, रेवेन्यू महासचिव मनोहरलाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र कचौलिया, राजेश शर्मा, दुर्गेश शर्मा, विक्रम सिंह राठौड़, राजेंद्र जैन, रामनिवास विजयवर्गीय, सुरेश माली, श्रीनाथ पाराशर, महावीर जांगिड़, राघवेन्द्र नाथ व्यास, दीपक कोठारी, मनीष बुलिया, सरिता शर्मा, कीर्ति सोलंकी, शिप्रा, पल्लवी गुप्ता, सुनीता सुवालका, अनिल कुमार पारीक, भूपेंद्र सिंह चारण, विजय सोनी, गोपाल सोनी सहित कई अधिवक्ताओ ने वितरित करने मे सहयोग दिया।

# गणगौर पर महिला मंडल ने निकाला भव्य सेवरा



स्मार्ट हलचल| काछोला

गणगौर पर्व के पावन अवसर पर कस्बे में महिला मंडल द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य सेवरा निकाला गया। इस दौरान महिलाओं में खासा उत्साह और उमंग देखने को मिला। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर सोलह श्रृंगार किया तथा आकर्षक रूप से सेवरा सजाया।

सेवरा यात्रा के दौरान महिलाएं मंगल गीत गाते हुए पूरे वातावरण को भक्तिमय बना रही थीं। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने भाव-विभोर होकर नृत्य भी प्रस्तुत किया और भगवान की महिमा का गुणगान किया।

सेवरा कस्बे के सदर बाजार से होते हुए मुख्य मंदिर तक पहुंचा, जहां विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी रही, जिससे पूरे क्षेत्र में आस्था और परंपरा की झलक देखने को मिली।

# चेटीचंड महोत्सव पर भीलवाड़ा में उमड़ा आस्था का सैलाब, सिंधी समाज की ऐतिहासिक वाहन रैली ने बांधा समां





स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलालजी के 1077वें अवतरण दिवस 'चेटीचंड महोत्सव-2026' को लेकर शहर में उत्साह अपने चरम पर है। महोत्सव से एक दिन पूर्व गुरुवार को सिंधी समाज द्वारा निकाली गई विशाल 'सिंधी एकता वाहन रैली' ने पूरे शहर को भक्तिमय रंग में रंग दिया।

चित्रकूट धाम से प्रारंभ हुई यह भव्य रैली नाथद्वारा सराय स्थित पूज्य दादा साहब हेमराजमल भगत झूलेलाल सनातन मंदिर तक पहुंची। रैली को गोविंद धाम के महंत गणेशदास, सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक, महंत टेऊं राम भगत तथा सिंधी समाज अध्यक्ष रमेश सभनानी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली में दुपहिया और चौपहिया वाहनों पर सवार समाजजन 'आयो लाल झूलेलाल' के जयकारों के साथ आगे बढ़ते रहे। लाल रंग-बिरंगी टोपियां पहने महिला, पुरुष और बच्चे भक्ति में सराबोर नजर आए। डीजे पर बजते झूलेलाल के भजन और पंजड़ों की धुन पर समाजजन झूमते-नाचते नजर आए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बन गया।

शहर के विभिन्न मार्गों शास्त्रीनगर, पंचवटी, सिंधुनगर, गांधी बाजार, इंद्रा मार्केट, सूचना केंद्र, महाराणा टॉकीज सहित कई स्थानों पर रैली का भव्य स्वागत किया गया। जगह-जगह पुष्पवर्षा, आतिशबाजी और अल्पाहार की व्यवस्थाओं ने आयोजन को और भी खास बना दिया।

रैली के समापन पर झूलेलाल मंदिर में ध्वजवंदना और ध्वजारोहण का आयोजन संत-महात्माओं के सानिध्य में संपन्न हुआ। समाजजनों ने एक-दूसरे को गले मिलकर चेटीचंड की अग्रिम बधाइयां दीं और सिंधी एकता का संदेश दिया।

रात्रि में मंदिर परिसर में भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें खाटू श्याम और भगवान झूलेलाल के भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। बापू नगर सिंधी समाज द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया। रैली संयोजक विनोद झुरानी ने बताया कि शुक्रवार को मुख्य चेटीचंड पर्व पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शहर के मंदिरों को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया है। सिंधी समाज के अध्यक्ष रमेश सभनानी और मीडिया प्रभारी मूलचंद बहरवानी ने आयोजन की सफलता के लिए सभी समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज की एकता और संस्कृति को मजबूत करते हैं।

# श्री चारभूजा नाथ के संग खेली होली



स्मार्ट हलचल|रायला

चैत्र कृष्ण अमावस्या पर बड़े मंदिर के भगवान श्री चारभुजा नाथ का फूलडोल महोत्सव एवं रंगों का त्यौहार होली महोत्सव मनाते हुए भक्तों ने हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की के गगनचुंबी जयघोस जयकारे लगाते हुए फूलों की पंखुड़ियां एवं गुलाल उड़ाते हुए भगवान के भजनों पर भाव विभोर होकर नाचते गाते भगवान के संग होली खेली गई इस मौके पर भगवान चांदी के बेवाण में विराजित होकर श्रद्धालु और भक्तों के कंधों पर नगर भ्रमण पर निकले जहां नगर वासियों ने भगवान की पूजा अर्चनाकी नव संवत्सर की बधाई भगवान के चरणों के जल इत्र छिड़क कर प्रदान की । भक्त जन मौजूद रहे।

# गौतम जयंती पर शहर में निकली भव्य शोभा यात्रा

स्मार्ट हलचल |भीलवाड़ा

गुर्जर गौड ब्राह्मण समाज के आराध्य देव महर्षि गौतम जयंती के पावन अवसर पर आज महिर्षि गौतम जयंती आयोजन समिति न्यास भीलवाड़ा द्वारा शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, ढोल नगाड़ों, बैंड बाजे और जयघोष के साथ गुरुवार प्रातः आजाद चौक से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए महर्षि गौतम शिक्षण संस्थान पर संपन्न हुई ! समिति कार्यकारी अध्यक्ष महावीर आचार्य ने बताया कि शोभा यात्रा में भगवान गौतम



की प्रतिमा व झांकी ने लोगों का मन मोह लिया , शोभायात्रा में युवा वर्ग ने पारंपरिक परिधानों में नृत्य करते हुए और महिलाओं ने भजनों के साथ शोभा यात्रा की शोभा बढ़ाई, मार्ग में जगह जगह समाज जनों द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का जोरदार स्वागत किया ! महामंत्री गोपाल जोशी ने बताया कि यह शोभायात्रा सामाजिक एकता और सौहार्द का संदेश देती है और समापन पर महिर्षि गौतम की सामूहिक आरती कर महाप्रसादी का आयोजन किया गया, शोभा यात्रा में गोपी किशन व्यास, दीपक सुल्तानिया, विजय व्यास, संजय शर्मा, हेमेंद्र शर्मा , गोपाल बच्छ , संजय तिवारी, योगेश व्यास, विनोद तिवारी, मुकेश त्रिपाठी, बृजेश नंदन तिवारी, अशोक क्षोत्रिय, सुरेश शर्मा, धीरज शर्मा, विशाल शर्मा, वेद प्रकाश पत्रिया, गोपी चतुर्वेदी, जनमेजय शर्मा, जगदीश शर्मा, पुष्कर व्यास, महेश भारद्वाज, राजेंद्र शर्मा एवं महिला शक्ति ज्योति आशीर्वाद, कल्पना सुल्तानिया, भगवती शर्मा, माया वत्स, साधना शर्मा, संगीता शर्मा , कुसुम लता शर्मा, माया तिवाड़ी, रजनी व्यास , कृष्ण त्रिपाठी नीता शर्मा, मंजू शर्मा, उषा शर्मा सहित कई गणमान्य जन उपस्थित रहे ।

# भारतीय नववर्ष पर बिजोलिया में आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित



## 42 रोगियों को मिला लाभ

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (भारतीय नववर्ष) एवं विश्व आयुर्वेद परिषद स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आयुर्वेद विभाग बिजोलिया एवं विश्व आयुर्वेद परिषद, चित्तौड़ प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय ब्लॉक आयुष चिकित्सालय, बिजोलिया में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में वातरोग, उदररोग, गुदा रोग, ज्वर, स्त्रीरोग सहित विभिन्न प्रकार की समस्याओं से ग्रसित कुल 42 रोगियों का परीक्षण, परामर्श एवं उपचार किया गया। मरीजों को आयुर्वेदिक औषधियों के साथ-साथ दिनचर्या, आहार-विहार एवं जीवनशैली संबंधी उपयोगी सुझाव भी प्रदान किए गए।

डॉ. संजय नागर ने बताया कि आयुर्वेद केवल उपचार पद्धति ही नहीं, बल्कि एक समग्र जीवनशैली है जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलन पर आधारित है। उन्होंने कहा कि बदलती जीवनशैली में आयुर्वेद की उपयोगिता और भी बढ़ गई है, और ऐसे शिविरों के माध्यम से आमजन को प्राकृतिक एवं सुरक्षित उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार के चिकित्सा शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जाएगा।

इस चिकित्सा शिविर में चित्तौड़ प्रांत प्रभारी डॉ. संजय नागर, डॉ. अजय यादव, डॉ. रिजवाना ख़ान एवं कंपाउंडर संजू गुर्जर सहित समस्त स्टाफ ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

# झूलेलाल के जयघोष से गूंजेगा शाहपुरा, 20 मार्च को चेटीचंड महोत्सव की धूम

## वाहन रैली, भव्य शोभायात्रा, भजन-कीर्तन और आम भंडारे से सजेगा शहर, एकता और आस्था का दिखेगा अनूठा संगम

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलालजी के जन्मोत्सव चेटीचंड महोत्सव को लेकर शाहपुरा शहर में उत्साह अपने चरम पर है। पूज्य सिंधी पंचायत शाहपुरा के तत्वावधान में 20 मार्च 2026, शुक्रवार को यह पावन पर्व भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक रंगों के साथ मनाया जाएगा। शहर के प्रमुख मार्गों से लेकर मंदिरों तक तैयारियां जोरों पर हैं और हर ओर 'जय झूलेलाल' के जयघोष गूंजने लगे हैं।

पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष लीलाराम वासवानी, सचिव नरेश लखपतानी व कोषाध्यक्ष अशोक थानवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव का शुभारंभ प्रातः 9:00 बजे दिलखुशाल बाग स्थित झूलेलाल मंदिर से नवयुवकों की भव्य वाहन रैली के साथ होगा। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों बालाजी की छतरी, सदर बाजार, कुंडगेट, त्रिमूर्ति स्मारक, सिंधी कॉलोनी, भीलवाड़ा रोड और बस स्टैंड होते हुए संत कंवर राम धर्मशाला, पिवणिया तालाब के पास पहुंचेगी। रैली के समापन स्थल पर सभी प्रतिभागियों के लिए अल्पाहार की विशेष व्यवस्था रखी गई है।

इस वाहन रैली में अनुशासन और एकरूपता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। पुरुषों के लिए सफेद कुर्ता-पायजामा अथवा सफेद शर्ट का ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है, जिससे आयोजन में एकता, सादगी और श्रद्धा का संदेश समाज में प्रसारित हो सके। नवयुवकों में रैली को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है और वे इसे यादगार बनाने के लिए पूरी तैयारियों में जुटे हुए हैं। दोपहर 3:30 बजे दिलखुशाल



बाग स्थित झूलेलाल मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रारंभ होगी। इसमें झंडारोहण, भजन-कीर्तन, प्रसाद वितरण, पारंपरिक छेज नृत्य तथा पूज्य बहराणा साहब की पूजा-अर्चना शामिल है। भक्ति संगीत और श्रद्धा के रंगों में सराबोर यह आयोजन श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद से भर देगा।

शाम 6:30 बजे झूलेलाल मंदिर से पूज्य बहराणा साहब अखंड ज्योति की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी और पिवणिया तालाब पर जाकर सम्पन्न होगी। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, पारंपरिक वेशभूषा में सजे श्रद्धालु, भक्ति गीतों की मधुर ध्वनि और ढोल-नगाड़ों की गूंज शहर के वातावरण को भक्तिमय बना देगी।

इस महोत्सव का एक प्रमुख आकर्षण रात्रि 8:00 बजे संत कंवर राम धर्मशाला में आयोजित आम भंडारा रहेगा, जिसमें सभी समाजबंधुओं और श्रद्धालुओं को सपरिवार आमंत्रित किया गया है। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है और इसके लिए व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। पंचायत के पदाधिकारियों ने समाज के सभी वर्गों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार उपस्थित होकर इस पावन पर्व को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि चेटीचंड केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि सिंधी समाज की आस्था, परंपरा और एकता का प्रतीक है। यह पर्व समाज को जोड़ने और सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि सभी श्रद्धालु समय की पाबंदी का पालन करें और कार्यक्रमों में अनुशासन बनाए रखें, ताकि आयोजन गरिमा और भव्यता के साथ संपन्न हो सके। चेटीचंड महोत्सव के इस आयोजन से न केवल धार्मिक आस्था को बल मिलेगा, बल्कि समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और एकता की भावना भी और अधिक सुदृढ़ होगी। शाहपुरा शहर इस दिन पूरी तरह भक्ति और उत्सव के रंग में रंगा नजर आएगा।

# आपसी झगड़े में पांच लोग गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

हलेड कस्बे में गुरूवार को सम्पत्ति विवाद को लेकर हुए आपसी झगडे में सुवाणा स्थित सदर थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए बीएनएसएस की धारा 126/170 के तहत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सदर थानाधिकारी गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि सुखदेव आचार्य पुत्र नारायण लाल आचार्य उम्र 65 वर्ष,राहुल आचार्य पुत्र सुखदेव आचार्य उम्र 26 वर्ष, रीना आचार्य पत्नी भैरू लाल आचार्य उम्र 32 वर्ष, भैरू लाल आचार्य पुत्र मनोहर लाल आचार्य उम्र 35 वर्ष व काशी लाल आचार्य पुत्र नारायण लाल आचार्य उम्र 62 वर्ष सभी निवासी हलेड थाना सदर पंचायत समिति सुवाणा आपस में लडाई-झगडा कर रहे थे ।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया । ग्राम पंचायत हलेड के सरपंच पति बालू लाल आचार्य ने बताया कि आपसी संपत्ति विवाद को लेकर यह झगडा हुआ था।

### दिगंबर जैन प्रीमियर लीग सीजन-3 का ट्रॉफी अनावरण के साथ हुआ शुभारंभ

# समाज के युवाओं को जोड़ने और उनकी प्रतिभा को सामने लाने का माध्यम डीजेपीएलः पीयूष गोधा

## उत्साह और जोश के बीच खिलाड़ियों ने लिया खेल भावना व और अनुशासन का संकल्प

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** दिगंबर जैन समाज द्वारा आयोजित खेल महाकुंभ दिगंबर जैन प्रीमियर लीग सीजन-3 का शुभारंभ बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ट्रॉफी अनावरण के साथ हुई, जिसने पूरे आयोजन को खास बना दिया। समाज के प्रायोजकों और पदाधिकारियों की मौजूदगी में मेंस क्रिकेट, वूमेन्स क्रिकेट, बैडमिंटन, कैरम और चेस प्रतियोगिताओं की ट्रॉफियों का अनावरण किया गया। ट्रॉफी के अनावरण के दौरान तालियों की गूंज और उत्साह ने माहौल को और भी ऊर्जावान बना दिया। शुभारंभ समारोह के दौरान सभी टीमों के खिलाड़ियों ने खेल भावना और अनुशासन के साथ खेलने का संकल्प लिया।

समारोह में टूर्नामेंट के टाइटल स्पॉन्सर दिलीप प्रवीण चौधरी, विनय विभोर गोधा, राजकुमार अमित मनोज अग्रवाल, एकिन विनीत जैन, कमल बड़जात्या, मनोज कोठारी, श्याम दीपक वेद, नंदलाल सुरेश कोठारी, प्रेम राकेश सेठी, दिनेश भानु गोधा, नरेश गोधा, प्रकाश गंगवाल, लोकेंद्र जैन, पारस गदिया, पवन लुहाड़िया, अर्पित अंकित शाह, विनोद प्रतीक शाह और महेंद्र दीपक सोगानी सहित कई समाजजन मौजूद रहे। दिगंबर जैन प्रीमियर लीग सीजन-3 का आयोजन 22 मार्च तक कृषि उपज मंडी के पास स्थित महेश स्पोर्ट्स अकादमी में होगा। क्रिकेट के लीग मैच 6 ओवर, सेमीफाइनल 8 ओवर और फाइनल मैच 10 ओवर का होगा। विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी के साथ नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रतियोगिता का प्रसारण क्रिक हीरोज प्लेटफॉर्म के माध्यम से लाइव भी किया जाएगा। सीजन में पुरुष वर्ग की 12 और महिला वर्ग की 6 टीमों के साथ-साथ बैडमिंटन, कैरम और चेस प्रतियोगिताओं की जर्सी का भी अनावरण किया गया। जर्सी अनावरण में सुपर-7 के नरेश गंगवाल, हैरी वेड्स केली के अमित और अंकित काला, रॉयल ऋषभ के राकेश पहाड़िया, सन मार्टिन सुपर किंग्स के राजेश विनायक, सनबोंड वॉरियर्स के वैभव जैन, देशनोदय राइडर्स के अमित गोधा, स्वास्तिक स्ट्राइकर के सुमित पाटनी, श्री कैपिटल के रवि जैन, चैलेंजर अंकित एंटरप्राइजेज के अंकित और अर्पित शाह, मेकओवर किंग्स के साहिल गंगवाल, हेलो बेने के प्रतीक शाह तथा रॉक बॉड के विवेक, राजेश, अनुपम, गौरव और प्रियंक जैन शामिल रहे। महिला टीमों के ओनर के रूप में मैना बाकलीवाल, नमन जैन, अभिषेक, रीना, वैराग्य, रुचिका जैन, पारस महिला मंडल, अक्षय और आंचल टोंगिया भी मौजूद रहे। दिगंबर जैन प्रीमियम लीग 3.0 के अध्यक्ष पीयूष गोधा ने कहा कि यह हमारा सीजन-3 है। क्रिकेट में पुरुष वर्ग की 12 और महिला वर्ग की 6 टीमें भाग ले रही हैं। इसके साथ ही बैडमिंटन, कैरम और चेस प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया है, जिसमें बच्चे, महिलाएं और पुरुष सभी वर्ग के खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। तीन साल पहले हमने इसे छोटे स्तर से शुरू किया था, लेकिन समाज के सहयोग से आज यह आयोजन बड़े स्तर पर पहुंच गया है। आज सभी टीम स्पॉन्सर्स और प्रायोजकों की मौजूदगी में ट्रॉफी और सभी टीमों की जर्सी का अनावरण किया गया। यह मंच समाज के युवाओं को जोड़ने और उनकी प्रतिभा को सामने लाने का माध्यम बन रहा है। सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने कहा कि दो वर्ष पहले समाज के युवाओं ने दिगंबर जैन प्रीमियर लीग की शुरुआत की थी। युवाओं के उत्साह का ही परिणाम है कि आज लगातार तीसरे वर्ष इसका आयोजन हो रहा है। इस प्रतियोगिता में करीब 250 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनमें युवा, महिलाएं और बच्चे शामिल हैं।

क्रिकेट, कैरम, चेस और बैडमिंटन जैसे खेलों के माध्यम से समाज के लोगों को एक मंच मिल रहा है, जहां वे एक-दूसरे से जुड़ते हैं और अपनी प्रतिभा भी निखारते हैं। महावीर जयंती जैन समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण पर्व है और ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और सहयोग की भावना मजबूत होती है। वहीं खिलाड़ी अंकिता ने कहा कि मैं दिगंबर जैन समाज का दिल से आभार व्यक्त करती हूं कि उन्होंने हमें घर से मैदान तक आने और खेलने का इतना अच्छा मौका दिया। हमारी टीम निम्बाहेड़ा से आई है और हम पूरे जोश, मेहनत और लगन के साथ प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। हमें पूरा विश्वास है कि हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे और ट्रॉफी जीतने का पूरा प्रयास करेंगे।

## ज्ञान ज्योति विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 20 गांवों में दी नव वर्ष की शुभकामना

स्मार्ट हलचल



**राजपुरा।** कनेरा उप तहसील के कस्बे के स्वामी विवेकानंद कॉलोनी में संचालित ज्ञान ज्योति विद्यालय द्वारा नव वर्ष विक्रम संवत की घर-घर जाकर शुभकामना दी विद्यालय के रिंकू धाकड एवं सुमन जैन ने बताया कि भैया बहनों द्वारा नव वर्ष की पूर्व संध्या पर देवालयों एवं घरों के बाहर दीप प्रज्वलित किए गए प्रातः काल 22 तोलिया बनाकर कनेरा कस्बे सहित मेलाना, सरसी, गुंदरेल, निंबोदा, लक्ष्मीपुरा, श्रीपुरा, रावलिया , बेनीपुरिया, मनोहर खेड़ी, बांगेड़ा,बड़ावली, गढ़वाडा, लूणखंदा, पालछा, अमरपुरा ,बगैरिया, कोटड़ी, दौलतपुरा, भड़किया गांवों में नव वर्ष शुभकामना पत्रक , नीम ,मिश्री, काली मिर्च प्रसाद देकर तिलक निकाल कर विक्रम संवत 208 3 हिंदू नव वर्ष शुभकामना प्रेषित की। ज्ञात हो कि पिछले 17 वर्षो से प्रतिवर्ष नियमित रूप से विद्यालय द्वारा भारतीय नववर्ष की शुभकामना प्रेषित की जाती है।इस अवसर पर विद्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें संस्था प्रधान रामप्रसाद धाकड़ ने भारतीय नववर्ष विक्रम संवत चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाने के प्रमुख कारणों पर चर्चा करते हुए राजस्थान स्थापना दिवस के बारे में बताया कि विक्रम संवत 2006 क्षेत्र शुक्ल प्रतिपदा को रियासतों को मिलाकर वृहत राजस्थान का गठन किया गया।उस दिन 30 मार्च भी था इसलिए विगत वर्षों से 30 मार्च को ही स्थापना दिवस मनाया जाता रहा है जबकि भारतीय तिथि के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान दिवस की स्थापना हुई इस कारण इसे तिथि अनुसार बनाना ही विधि संवत है। इस अवसर पर धर्मेश धाकड़, रत्नेश शर्मा, कन्हैयालाल जोगणिया ,देवाशीष पोखरा , योगेंद्र धाकड़, सुमन जैन, सुनीता भाभी, अनुराधा धाकड़, अंजलि छिपा, रिंकू धाकड़, पूजा छिपा, आशा गुर्जर, टीना कंवर, कविता टेलर , इंद्रा बाई, विद्या देवी सहित भैया बहन उपस्थित थे।

## आज चांद दिखा तो ईद कल, नहीं तो जुमातुलविदा



स्मार्ट हलचल|काछोला

मुकद्दस माहे रमजान अब अपने आखिरी मुकाम पर पहुंच चुका है। हर तरफ ईद के चांद का इंतजार है। गुरुवार शाम चांद नजर आने पर शुक्रवार को ईद- उल- फितर मनाई जाएगी। अगर गुरुवार को चांद दिखाई नहीं देता है तो शुक्रवार को जुमातुलविदा की नमाज होगी और शनिवार को ईद का त्योहार मनाया जाएगा।

जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना मोहम्मद शाह आलम ने कहा कि नमाज से पहले अपनी जकात और फितरा जरूर अदा करें। उन्होंने कहा कि फितरा और जकात का असल मकसद समाज के गरीब, बेसहारा और जरूरतमंद लोगों तक मदद पहुंचाना है, ताकि वे भी ईद की खुशियों में बराबरी से शामिल हो सकें। उन्होंने ये भी कहा कि इस पाक महीने के आखिर में ज्यादा से ज्यादा सदका और खैरात देकर अल्लाह की रजा हासिल करने की कोशिश करनी चाहिए। सदर हाजी शरीफ मोहम्मद मंसूरी ने बताया कि गुरुवार को चांद दिखाई देने पर शुक्रवार को ईदुल फितर का पर्व मनाया जाएगा नही दिखा तो जुमातुलविदा मनाया जाएगा और ईद का पर्व शनिचर को मनाया जाएगा जिसमे जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना मोहम्मद शाह द्वारा ईदगाह में सुबह नो बजे ईदगाह में ईद नमाज अदा करवाई जायेगी।

## पीपलूंद में महर्षि गौतम जयंती पर शोभायात्रा धूमधाम से निकाली



स्मार्ट हलचल

**पीपलूंद।** भीलवाड़ा जिले के जहाजपुर उपखंड क्षेत्र के पीपलूंद कस्बे में गुरुवार को हिंदू नव वर्ष व महर्षि गौतम जयंती पर भव्य शोभायात्रा डीजे के साथ निकली गई। ब्राह्मण समाज की ओर से महर्षि गौतम जन्मोत्सव जन्म जयंती धूमधाम हर्षोल्लास के साथ में मनाई गई। एवं शोभायात्रा डीजे के साथ में निकली गई। शोभायात्रा पीपलूंद कस्बे के चारभुजा नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर मेन बाजार, देव जी का थड़ा, मेंन रोड से पीपलूंद बस स्टैंड, व इत्यादि गली मोहल्लों सहित विभिन्न मार्गो से होते हुए पालेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंची। जहां पर महर्षि गौतम ऋषि की महाआरती कर और भगवान महर्षि गौतम के भोग लगाकर प्रसादी वितरण किया गया। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को जलपान, चाय, व शरबत पिलाया गया। महर्षि गौतम जी के जीवन परिचय के बारे में जानकारी दी गई। पीपलूंद के सभी ब्राह्मणों ने निर्णय लिया कि अगले वर्ष इससे भी बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए महर्षि गौतम जन्मोत्सव जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी।

इस दौरान गोपी लाल व्यास, सत्यनारायण तिवाडी, रमेश तिवाड़ी, कैलाश शर्मा, मूलचंद तिवाडी, विष्णु तिवाडी, पंकज पांडेता, चंद्रेश शर्मा, रामपाल पंचोली, राजकुमार पंचोली, देबी लाल पांडेता, सहित इत्यादि मौजूद रहे।

## चेत्र अमावस्या पर उमड़ा आस्था का सेलाब, भक्तों ने एक महिने में एतिहासिक 42.58 लाख रूपये किए चरणों में भेंट

स्मार्ट हलचल



**कोटड़ी।** मुख्यालय पर मेंवाड़ का एतिहासिक तीर्थ स्थल भगवान श्रीचारभुजानाथ के दरबार में नववर्ष चेत्र अमावस्या पर आस्था का सेलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही श्रद्धालुओं का ताता लगना शुरू हो गया तथा दोपहर में भक्त लंबी दूरी पदयात्रा कर प्रभू के चरणों में मत्था टेक अपने को धन्य महसूस किया। सुबह भगवान का मन्त्रोच्चारण के साथ दुग्धाभिषेक किया गया। इसके बाद भगवान को स्वर्णाभूषणों से जड़ित पोषाक धारण करा महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने कतार में खड़े हो कर भगवान के दर्शन किए। जबरदस्त भीड़ के कारण बाजारों में पैदल निकलने में भी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस की माकूल व्यवस्था के कारण आम रास्तों पर जाम के हालात नही रहे। मन्दिर परिसर में ही भजन कलाकारों द्वारा चारभुजानाथ, भोलेनाथ सहित अनेक देवी-देवताओं पर आधारित भजनों की प्रस्तूति पर श्रद्धालू नाचते रहे। वहीं मन्दिर परिसर में रखे भेंटपात्रों को श्रीचारभुजा मन्दिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों के अलावा भक्तों की मौजूदगी में प्रतिमाह खोले जाने वाले भेंटपात्रों को खोलते ही नोटो का ढेर देख श्रद्धालुओ के जयकार से परिसर गुज उठा। पेंशनर समाज के सदस्यों द्वारा नोटों की गिनती की गई। श्री चारभुजा मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने बताया कि इस महीने भेंट पात्र, रसीद व ऑनलाइन से 42 लाख 58 हजार 116 रूपये प्राप्त हुए। साथ ही 300 मिलीग्राम सोने व 339 ग्राम 800 मिली ग्राम चान्दी के आभूषण भी दर्ज किए गए। बाजार में भी जबरदस्त भीड़ नजर आई। वहीं शाम को संध्या आरती में मन्दिर परिसर में भीड़ के चलते श्रद्धालुओं का बाहर खड़े हो कर आरती करनी पड़ी। श्रीचारभुजा मन्दिर ट्रस्ट के कर्मचारी व श्रद्धालुओं ने भक्तों के दर्शन व व्यवस्थाओं में सहयोग किया। श्रीचारभुजा मन्दिर ट्रस्ट के अलावा प्रभु भक्तो की टोली व पुलिस प्रशासन भी दिनभर मन्दिर में पंहुचने वाले श्रद्धालुओं को समुचित सुविधा मुहैया कराने में जुटे नजर आए। ट्रस्ट अध्यक्ष गाड़ोदिया ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से प्रति माह निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर अमावस्या पर आयोजित किया जाता है जिसके तहत गुरुवार को 101 रोगी ने जाच के लिए शिविर में पंजीयन कराया जिसमे से 29 रोगी अति गम्भीर होने से ऑपरेशन की सलाह दी गई। वही 12 रोगियों को चश्मे व 14 रोगियों को दवा वितरित की गई।

## मौसम बदलने से किसानों की बढ़ी चिंता



स्मार्ट हलचल

गंगापुर में गुरुवार सुबह मौसम ने अचानक करवट बदल ली। सुबह होते ही आसमान पर घने बादल छा गए, जिससे दिन की शुरुआत बदली-बदली नजर आई। दिनभर ठंडी हवाएं चलती रहीं और बादलों की आवाजाही बनी रही, जिससे मौसम सुहावना तो हुआ, लेकिन किसानों की चिंता भी बढ़ गई।

मौसम के इस अचानक बदलाव ने खासतौर पर किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। इस समय खेतों में पकी हुई खड़ी फसल पर बारिश या ओलावृष्टि का खतरा मंडराने लगा है, जिससे नुकसान की आशंका जताई जा रही है। गेहूं और चना की फसल इस समय पकने की अवस्था में है, ऐसे में हल्की बारिश भी फसल की गुणवत्ता पर असर डाल सकती है, जबकि ओलावृष्टि से भारी नुकसान होने की संभावना है।

क्षेत्र के किसानों का कहना है कि यदि इस समय बारिश या ओले गिरते हैं, तो उनकी पूरी मेहनत पर पानी फिर सकता है। किसान फसल कटाई से पहले मौसम साफ रहने की उम्मीद कर रहे हैं, लेकिन आसमान में छाए बादल उनकी चिंता बढ़ा रहे हैं।

## गंगापुर में हिंदू नव वर्ष पर विशाल शोभायात्रा निकाली

स्मार्ट हलचल



**गंगापुर।** हिंदू नव वर्ष (विक्रम संवत 208 3) के पावन अवसर पर सकल हिंदू समाज के तत्वाधान में एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यह उत्सव हर्षोल्लास और भक्ति भाव से मनाया गया, जिसमें विभिन्न संगठनों और स्थानीय संस्थाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

हिंदू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर भारत विकास परिषद की ओर से नगर के विभिन्न स्थानों पर सुंदर रंगोलियां सजाई गईं और दीप प्रज्ज्वलित किए गए। भूत बावजी के पास भारत माता की भव्य आरती का आयोजन किया गया, जिसने सभी में उत्साह भर दिया। गुरुवार प्रातः मंगरी स्थित बालाजी मंदिर पर ढोल-नगाड़ों की थाप और आतिशबाजी के साथ नव वर्ष का स्वागत किया गया।विशाल शोभायात्रा का शुभारंभ पंचतीर्थ बालाजी मंदिर से निकली इस शोभायात्रा में सैकड़ों पुरुष, महिलाएं और विद्यार्थी शामिल हुए। सभी के हाथों में भगवा पताकाएं लहरा रही थीं, जिससे पूरा माहौल भगवामय हो उठा। यात्रा में 'नववर्ष मंगलमय हो ', 'भारत माता की जय ', 'वंदे मातरम 'के उदघोष गूंजते रहे।आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा आलोक विद्या मंदिर द्वारा तैयार की गई भारत माताऔर झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जीवंत झांकियां, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रही थीं।

शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो, चौराहों और बाजारों से गुजरती हुई शास्त्री पार्कपहुंची, जहां इसका समापन हुआ। जहां बालूराम कुमावत ने हिंदू नव वर्ष के महत्व और इतिहास के बारे में जानकारी दी।इस भव्य आयोजन में भारत विकास परिषद, विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल, श्री राष्ट्रीय महाकाल सेना,टैगोर स्कूल,आलोक विद्या मंदिर, आदर्श विद्या मंदिर,महावीर जीव दया संस्थान और संयुक्त व्यापार मंडल सहित कई संस्थाओं के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।प्रमुख रूप से संदीप बाल्दी, प्रहलाद सोमानी, तुषार अग्रवाल, अखिलेश अग्रवाल, भेरूलाल सुराणा, चमन लोसर, अरविंद चौधरी, पवन लोहिया, कमलेश पाठक, सुरेश सिंघवी, राजेश रांका, प्रशांत सिंघवी, जगदीश झवर, पुष्पेंद्र सिंह चौहान, राजेंद्र मोगरा, जीवन लाल, गुमान सिंह, शोभा लाल जीनगर, विद्या प्रसाद जोशी, घनश्याम सिंह, संजय रूईया, चैनसुख जीनगर, गंगा सिंह चौहान, राहुल शर्मा, दिनेश लक्षकार, विनोद पंचोली, शिवकरण चंदेल, दया सैनी, दीपिका सोनी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल हुए।

## चौखला रावणा राजपूत समाज के चुनाव संपन्न

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



चिताम्बा में रावणा राजपूत समाज मेवाड़ मंदारिया सिलोटी आम चौखला की बैठक गुरुवार को आवरा माता मंदिर पर आयोजित की गई जिसमें चिताम्बा निवासी गोपाल सिंह चौहान को अध्यक्ष पद पर निर्विरोध मनोनीत किया गया बैठक में पूर्व अध्यक्ष कैलाश सिंह ने अपनी कार्यकारिणी को भंग करते हुए कार्यकाल का आय-व्यय का ब्योरा पेश किया

अध्यक्ष के चुनाव को लेकर अपने विचार रखे जिस पर अध्यक्ष पद हेतु 7 नामों का प्रस्ताव पर समस्त चौखला के पंचों ने आम सहमति से चिताम्बा निवासी गोपाल सिंह चौहान को अध्यक्ष पद पर निर्विरोध मनोनीत किया गया बैठक में सामाजिक विकास के लिए आवरा माता सराय बनाने के प्रस्तावों पर चर्चा की गई सभी पंचों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।

## जाट सामूहिक विवाह को लेकर धानेश्वर में बैठक संपन्न

### सामाजिक कुरीतियों पर अंकुश लगाने का लिया निर्णय

स्मार्ट हलचल|बनेड़ा



राजस्थान मेवाड़ जाट महासभा, भीलवाड़ा के तत्वावधान में आगामी 20 नवंबर 2026 को प्रस्तावित चतुर्थ जाट सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर धानेश्वर (फूलिया कलाँ) में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। देवकरण घटाला की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में समाज सुधार और आयोजन की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई । बैठक में सर्वसम्मति से संगठन विस्तार करते हुए रामधन थरोदा को ब्लॉक अध्यक्ष (शाहपुरा) एवं शिवराज वीरबाडिया को ब्लॉक अध्यक्ष (शाहपुरा) मनोनीत किया गया। आयोजन स्थल के चयन को लेकर यह निर्णय लिया गया कि जिस क्षेत्र से सर्वाधिक जोड़ों का पंजीकरण होगा, सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन उसी क्षेत्र में किया जाएगा। महासभा के महामंत्री शोभाराम ने बैठक का संचालन करते हुए समाज में बढ़ते दिखावे और फिजूलखर्ची पर चिंता व्यक्त की। बैठक में समाज हित में निम्नलिखित कड़े निर्णय लिए गए जिसमें - (1) शादी से पहले पहनाए जाने वाले जेवरातों की अधिकतम सीमा 5 लाख रुपये निर्धारित की गई, (2) सामाजिक कार्यक्रमों में प्रचलित 'कपड़ा प्रथा' को बंद कर उसके स्थान पर नकद लिफाफा देने की नई व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया गया, (3) ज्योतिषाचार्य अंबालाल डकावा सहित अन्य वक्ताओं ने विवाह योग्य जोड़ों को सामूहिक सम्मेलन में ही विवाह करने हेतु प्रेरित किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेशाध्यक्ष शंकर लाल कुड़ी एवं विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष देवबक्ष ढाबरढीमा रहे। इस दौरान सूरज करण ज्याणी, जे.पी. मालोदिया, ओम प्रकाश घटाला (शारीरिक शिक्षक), अंबालाल जाजूदाँ, भागचंद चाडा, जगदीश बारवाड़िया, बंटी चाड़ा, राजाराम गूगड, सूरत राम बराला, मनीराम चाडा, द्वारका प्रसाद और मुकेश कुमार भीचर ने भी अपने विचार रखे। सभी वक्ताओं ने सामाजिक एकता, समरसता और एकजुटता पर विशेष जोर दिया।

## बिजोलिया से शक्करगढ़ रोड की हालत खस्ताहाल, गड्ढे में तब्दील हुई सड़क

### कस्बे वासियों ने उपखंड अधिकारी को दिया ज्ञापन

स्मार्ट हलचल



**बिजौलियाँ।** बिजौलियाँ से खेराड क्षेत्र को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पूरी तरह जर्जर होने के साथ ही बड़े-बड़े गढ़ों में तब्दील हो चुकी है। जिसमें आए दिन छोटे-मोटे हादसे होते रहते हैं, एवं पूर्व में भी अनेक लोग काल का ग्रास बन गए। सड़क निर्माण में देरी होने से बिजोलिया के कस्बे वासियों ने एकत्रित होकर उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ को ज्ञापन देकर जल्द इस सड़क निर्माण की मांग की है। ज्ञापन में कस्बे के नागरिकों ने बताया कि शकरगढ़ जाने वाली इस मुख्य सड़क की हालत दयनीय और जानलेवा हो गई है। सड़क की वर्तमान बदहाली आमजन के सब्र का बांध तोड़ रही है। यह सड़क मार्ग बिजौलिया से जयपुर जाने के लिए सबसे मुख्य एवं छोटा रास्ता है। वर्तमान में यह सड़क पूरी तरह से गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। जिससे वाहन चलाना जानलेवा जोखिम बन गया है। आपातकालीन सेवाओं में खराब सड़क के कारण एंबुलेंस और अन्य आवश्यक सेवाएं समय पर नहीं पहुंच पाती है। जिससे कस्बेवासियों को जान माल का नुकसान उठाना पड़ता है। वर्तमान में यह मार्ग क्षेत्र के कई गांव को जोड़ता है। प्रतिदिन सैकड़ो लोग अपने दुपहिया एवं चौपहिया वाहनों से इस रास्ते से गुजरते हैं। खराब सड़क के कारण आए दिन कई दुर्घटनाएं में नागरिक घायल हो रहे हैं। ज्ञापन में कस्बे की एक गर्भवती महिला के साथ एंबुलेंस में हुई प्रसव पीड़ा की घटना का भी जिक्र किया गया है। ज्ञापन देने में यशवंत सिंह पुंगलिया, रणजीत सिंह कानावत, शौकीन जैन, ओम प्रकाश, लोकेश मीणा, विश्वास यादव, विकास खटीक, नितेश प्रजापत,दीपक मीणा,चांदमल चमार, लोकेश मीणा, शिवराज, रोहित, हेमंत नामदेव सहित कई कस्बेवासी उपस्थत रहे।

# महर्षि गौतम जयंती पर नगर में निकली शोभायात्रा का पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की ओर से कांग्रेसजनों ने पुष्प वर्षा कर किया आत्मीय स्वागत व अभिनंदन





स्मार्ट हलचल| निंबाहेड़ा

निंबाहेड़ा में यहां गुरुवार को प्रातः 10:30 बजे महर्षि गौतमाश्रम संस्थान, निंबाहेड़ा के तत्वावधान में महर्षि गौतम जयंती के पावन अवसर पर नगर में भव्य गौतम शोभायात्रा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। शोभायात्रा के नगर भ्रमण के दौरान पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की ओर से कांग्रेसजनों द्वारा चित्तौड़ी दरवाजा स्थित पुराने हॉस्पिटल के समीप पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो उठा।

निंबाहेड़ा नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित इस स्वागत कार्यक्रम में नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष सुभाष चन्द्र शारदा एवं नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शोभायात्रा में सुसज्जित रथ पर विराजित महर्षि गौतम की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने भी भक्ति एवं आस्था के साथ महर्षि गौतम के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसजनों ने महर्षि गौतम के जीवन दर्शन, उनके उच्च आदर्शों एवं समाज को दी गई शिक्षाओं को स्मरण करते हुए उन्हें आत्मसात करने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि महर्षि गौतम के सिद्धांत आज भी समाज को नैतिकता, सदाचार और समरसता की दिशा में प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर समस्त समाजजनों को महर्षि गौतम जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयाँ प्रेषित की गईं।

इस गरिमामय आयोजन में निंबाहेड़ा विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना, ओबीसी कांग्रेस विभाग नगर अध्यक्ष मुकेश माली, नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोमिल चौधरी, नगर सेवादल मुख्य संगठक दिनेश गुप्ता, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष रोमी पोरवाल, नगर कांग्रेस कमेटी महासचिव ओम प्रकाश शर्मा एवं दिग्वेन्द प्रताप सिंह जादौन, सचिव धीरज नगरिया, प्रवक्ता रवि जाजपुरा सहित पूर्व पार्षद शोभाराम जाट, शांतिलाल लाडना, राजेश सांड, यू.एस.शर्मा, रशीद खान, फरीद खान, हंसराज शर्मा, मंसूर अली बोहरा, विकास धाकड़, मांगीलाल किर, श्रवण आंजना, महावीर पालेचा, आदित्य शर्मा, आदित्य पहाड़िया, दिलखुश मीणा, मांगीलाल बामणिया, लक्ष्मण दास, राजेश घुसर, आशुतोष टांक एवं कांग्रेस कार्यालय प्रभारी ज़ाकिर हुसैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं समाजजन उपस्थित रहे।

### साइकिल से सपनों को मिली रफ्तार

# पलाई स्कूल में 39 छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल वितरण-बालिका शिक्षा को मिला नया प्रोत्साहन



स्मार्ट हलचल

**टोंक/उनियारा।** उनियारा उपखंड क्षेत्र के पलाई कस्बा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और छात्राओं को विद्यालय तक पहुंचने में सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निःशुल्क साइकिल वितरण समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम के दौरान कक्षा 9 में अध्ययनरत 39 छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं, जिससे छात्राओं में विशेष उत्साह और खुशी देखने को मिली।

विद्यालय की प्रधानाचार्य गीता मीणा ने बताया कि राज्य सरकार की इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना, उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना तथा दूर-दराज से आने वाली बालिकाओं को आवागमन में होने वाली परेशानियों से राहत देना है।साइकिल मिलने से अब छात्राएं आसानी से विद्यालय पहुंच सकेंगी और उनकी शिक्षा में आने वाली बाधाएं कम होंगी।उन्होंने कहा कि बालिका शिक्षा समाज के समग्र विकास की आधारशिला है और ऐसी योजनाएं बेटियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ उनके भविष्य को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय स्टाफ एवं गणमान्यजन भी उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से गुलाबचंद मीणा, बृजेश सिंह, जगदीश प्रसाद, एसएमसी अध्यक्ष बद्रीलाल रेगर, नियाजउद्दीन मोहम्मद, रामलाल रेगर, बाबूलाल धाकड़ तथा शारीरिक शिक्षक धर्मराज मीणा मौजूद रहे। साइकिल प्राप्त करते समय छात्राओं के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों एवं अभिभावकों ने भी इस पहल को ग्रामीण क्षेत्र में बालिका शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# तारागढ़ दुर्ग को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने की मांग

स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** सनातन धर्म रक्षा संघ अजयमेरु पदाधिकारी द्वारा नूतन वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 अजयमेरु स्थापना दिवस मनाते हुए तारागढ़ दुर्ग पर जहां चौहान राजाओं द्वारा अजयमेरु नगर की स्थापना की थी । तारागढ़ दुर्ग एवं तीर्थराज पुष्कर में सूर्य की पहली किरण के साथ में ध्वजारोहण किया साथ विचार गोष्ठी में संयोजक तरुण वर्मा ने ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए तारागढ़ दुर्ग को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने की मांग ।



उन्होंने कहा कि अजमेर शहर को अजयमेरु नगरी घोषित करने की मांग तथा रेलवे म्यूजियम तारागढ़ स्थित रेलवे रेस्ट हाउस पर स्थापित करने की मांग एवं तारागढ़ की सात बावड़ियों एवं दो मुख्य द्वारों की मरम्मत की यतो उचित कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में सनातन धर्म रक्षा संघ के पदाधिकारी अजयमेरु जन जागरण अभियान प्रारंभ कर सवा सौ संगोष्ठियां कर जन जागरण करेंगे। सम्राट पृथ्वीराज चौहान की वीर गाथाओं की पुस्तकों का वितरण कर अजयमेरू नगरी अतिक्रमण मुक्ति अभियान प्रारंभ करेंगे। कार्यक्रम में रमेश लालवानी एवं वर्सेस त्रिवेदी ने भी विचार प्रकट करें।

# चैत्र नवरात्रा पर निंबाहेड़ा के प्राचीन अंबिका माता मंदिर में नौ दिवसीय धार्मिक आयोजन प्रारंभ

## पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना ने अंबा माता के किए दर्शन, मांगी क्षेत्र की खुशहाली की कामना

स्मार्ट हलचल| निंबाहेड़ा

चैत्र नवरात्रा के पावन अवसर पर निंबाहेड़ा स्थित प्राचीन शक्तिपीठ अंबिका माता मंदिर में नौ दिवसीय धार्मिक आयोजनों का शुभारंभ गुरुवार को विधिवत घट स्थापना के साथ हुआ। नवरात्र के प्रथम दिवस से ही मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण व्याप्त हो गया, जहां श्रद्धालु मातृशक्ति की आराधना में लीन नजर आए।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्र का पर्व शक्ति उपासना का महापर्व माना जाता है, जिसमें श्रद्धालु नौ दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की




कामना करते हैं। इसी क्रम में अंबिका माता मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, महाआरती एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन प्रतिदिन किया जाएगा। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने निंबाहेड़ा क्षेत्र के शक्तिपीठ अंबा माताजी मंदिर पहुंचकर माताजी के दर्शन किए एवं क्षेत्र प्रदेशवासियों के लिए सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की।

इस दौरान निंबाहेड़ा निंबाहेड़ा नगर पालिका निवर्तमान अध्यक्ष सुभाष चन्द्र शारदा,नगर कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव रविप्रकाश सोनी, चित्तौड़गढ़ जिला फुटबॉल संघ के कोषाध्यक्ष मनोज पारख,विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना, मंडल अध्यक्ष पिंकेश जैन, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष रोमी पोरवाल,नगर कांग्रेस कमेटी सचिव धीरज नगरिया, पूर्व पार्षद राजेश सांड,मुकेश धाकड़ एवं संजय उपाध्यक्ष सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थत रहे।

# गंदे और दूषित पेयजल की सप्लाई पर कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा



स्मार्ट हलचल

**भवानीमंडी।** नगर में विगत एक पखवाड़े से गंदे व बदबूदार पेयजल की आपूर्ति को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन जल अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता को सौंपा गया ।

ज्ञापन में नगर कांग्रेस अध्यक्ष विनय आस्तोलिया ने आरोप लगाया कि जलदाय विभाग की घोर लापरवाही और तानाशाही रवैये के चलते शहरवासी गंदा, मटमैला और बदबूदार पानी पीने को मजबूर हैं। अधिकांश बस्तियों में दूषित जल सप्लाई हो रही है, जिससे महामारी फैलने का खतरा बना हुआ है। पाइपलाइनें जगह-जगह टूटी हुई हैं, हैंडपंप बंद पड़े हैं और वैकल्पिक जल व्यवस्था पूरी तरह नदारद है।

कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि एक ओर जनता को गंदा पानी दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर औसत बिलिंग, भारी-भरकम प्रभार, ब्याज और पेनल्टी के जरिए आर्थिक शोषण किया जा रहा है। वसूली के नाम पर कनेक्शन काटने की धमकियां देकर आमजन को प्रताड़ित किया जा रहा है।

ज्ञापन में मांग की गई है कि गंदे पानी की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, पाइपलाइनों की मरम्मत कर स्वच्छ जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए, वैकल्पिक व्यवस्था शुरू की जाए तथा अतिरिक्त बिल, ब्याज और पेनल्टी को समाप्त किया जाए। साथ ही गर्मियों में किसी भी उपभोक्ता का कनेक्शन नहीं काटने के निर्देश देने की मांग रखी गई।

ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस के अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी नगर कांग्रेस अध्यक्ष विनय आस्तोलिया,पूर्व अध्यक्ष प्रमोद जैन पिंटू,वरुण मीणा,आनंद काला,अरुण तंवर, विकास पांडे,रीना शर्मा, अखीम भाई, सलीम खान,मानसिंह जुझारू, प्रबल जैन,हसीब चौधरी आदि उपस्थित थे ।

नगर अध्यक्ष ने बताया कि राजगढ़ पेयजल योजना के लंबित टेंडर शीघ्र पूरे कर कार्य शुरू करने और शहर में प्रस्तावित चार टंकियों में से शेष टंकी (राधेश्याम गार्डन) का निर्माण तत्काल शुरू करने की विभाग से मांग की गई।

### मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

कांग्रेस ने ज्ञापन मे चेतावनी है कि समय पर नगर में की जा रही प्रतिदिन जलपय में सुधार नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी समस्त जवाबदारी प्रशासन की होगी।

अधिकारी ने कहा- जलदाय विभाग के सहायक अभियंता राजेश मीणा ने बताया कि कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने नगर में गंदे पानी कि सप्लाई को लेकर ज्ञापन दिया है । ज्ञापन में दी गई समस्याओं को अतिशीघ्र हल कर दिया जाएगा, पेयजल सप्लाई के हमारे सोर्स है वहां से तो पानी अच्छा आ रहा है ,मोहल्लों में कहीं पाइप लाइन लीकेज है या कनेक्शन में लीकेज है तो उसको देखकर ठीक करवा दिया जाएगा ।

# महिलाओं ने पारम्परिक वेशभूषा में मनाया ईसर-गणगौर पर्व



स्मार्ट हलचल|उदयपुर

गिरधर घीसी ग्रुप न्यू अरविन्द नगर में रंगतेरस के अवसर पर फूलो की होली एवं गणगौर का पर्व हर्षोल्लास से मनाया। वैदवती ग्रुप ने संगीत से समा बांध दिया। 60-70 महिलाओं ने आयोजन का आनन्द उठाया। कार्यक्रम संयोजिका संगीता जैन व नेहा जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि कार्यक्रम का आगाज माता गणगौर की वंदना से हुआ। जिसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झड़ी लग गई। सखियों ने लोक गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दो-दो मिनट की नृत्य प्रस्तुतियों में महिलाओं के उत्साह और तैयारी ने जजों और दर्शकों का दिल जीत लिया। सदस्यों ने पारंपरिक राजपूती पोशाक में सम्मिलित होकर राजस्थान की समृद्ध संस्कृति को जीवंत कर दिया। पूरा परिसर केसरिया और लहरिया के रंगों से सराबोर नजर आया।

# अजमेर में समीक्षा बैठकः डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने लंबित कार्यों पर जताई सख्ती

### लम्बित कार्यों पर सख्त, अधिकारियों को अल्टिमेट

स्मार्ट हलचल



**अजमेर।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने गुरुवार को अजमेर जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में जिले में चल रहे विकास कार्यों, बजट घोषणाओं और विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी बजट घोषणाओं को जल्द से जल्द धरातल पर उतारा जाए और लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। दीया कुमारी ने कहा कि पिछले दो वर्षों में सरकार द्वारा 18 से 19 महत्वपूर्ण बजट घोषणाएं की गई हैं, जिनमें से लगभग 90 प्रतिशत घोषणाएं धरातल पर आ चुकी हैं। उन्होंने संतोष जताते हुए कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में विकास कार्यों की प्रगति काफी बेहतर रही है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि पेंडेंसी रखना बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है और इसे जल्द खत्म करना आवश्यक है।

### नियमित मॉनिटरिंग की जा रही

बैठक में उन्होंने 'वन जिला-वन प्रोडक्ट', राइजिंग राजस्थान के तहत हुए एमओयू तथा अन्य विकास कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन परियोजनाओं में देरी हो रही है, उन्हें तुरंत गति दी जाए और सभी लंबित मामलों को तय समय सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने बताया कि करीब 19 घोषणाएं अभी भी पेंडिंग हैं, जिनकी राज्य स्तर पर भी मॉनिटरिंग की जाएगी।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार नियमित मॉनिटरिंग के जरिए योजनाओं के क्रियान्वयन पर लगातार नजर रख रही है, जो पहले इस स्तर पर नहीं होती थी। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे जिम्मेदारी के साथ कार्य करें और जनता को योजनाओं का पूरा लाभ दिलाएं।

इसके अलावा, बैठक में गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल व्यवस्था पर भी विशेष चर्चा की गई। दीया कुमारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में कहीं भी पानी की समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए अभी से प्रभावी तैयारियां सुनिश्चित की जाएं।

### ओलावृष्टि का कहर

## तैयार फसल पर पड़ी मार, किसानों की बढ़ी चिंता



स्मार्ट हलचल

मंडावर। उपखंड क्षेत्र के समीप ऊकरूंद गांव में अचानक हुई ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। खेतों में खड़ी और पककर तैयार फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। ओलों की तेज बारिश से गेहूं और सरसों की फसल बर्बाद होने की आशंका जताई जा रही है।

किसानों का कहना है कि फसल कटाई के ठीक पहले इस तरह की ओलावृष्टि ने उनकी आर्थिक स्थिति को संकट में डाल दिया है। प्रशासन से जल्द सर्वे कर उचित मुआवजे की मांग की जा रही है।

ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्राकृतिक आपदा को लेकर चिंता का माहौल बना हुआ है।

# मीणा समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर 25 मार्च को गणेश निमंत्रण से होगी शुरुआत

## 22 मार्च को व्यवस्थाओं के टेंडर-समाज के सहयोग से कमजोर परिवारों को मिलेगा संबल-1 मई पीपल पूर्णिमा को आयोजित होगा सम्मेलन

स्मार्ट हलचल

**टोंक/दूनी।** देवली उपखण्ड अन्तर्गत दूनी तहसील क्षेत्र के सतवाड़ा गांव में पीपल पूर्णिमा, 1 मई को आयोजित होने जा रहे आदर्श मीणा समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर समाज में उत्साह और सकारात्मक माहौल दिखाई दे रहा है। यह सम्मेलन केवल एक सामाजिक आयोजन नहीं बल्कि गरीब और कमजोर परिवारों के लिए राहत और सम्मान का माध्यम बनता जा रहा है, जहां कम खर्च में सादगीपूर्ण और सामूहिक रूप से विवाह संपन्न कराए जाएंगे। सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए समिति ने कार्यक्रमों की रूपरेखा तय कर दी है।



25 मार्च को सम्मेलन की सफलता के लिए सबसे पहले भगवान गणेश को निमंत्रण दिया जाएगा। इस अवसर पर भैरूजी के स्थान पर ध्वजारोहण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन से जुड़ी व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने के लिए 22 मार्च को स्थल पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें लाइट, टेंट, हलवाई, फोटोग्राफी और अन्य व्यवस्थाओं के लिए टेंडर जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही सम्मेलन के प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर पंपलेट और बैनर लगाने का कार्य भी शुरू किया जाएगा।सामूहिक विवाह सम्मेलन समाज में सादगीपूर्ण विवाह की परंपरा को बढ़ावा देने के साथ ही फिजूलखर्ची पर अंकुश लगाने का प्रयास है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिलती है और समाज में समानता व सहयोग की भावना मजबूत होती है। इस सम्मेलन को सफल बनाने में क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि और समाजसेवी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।समिति अध्यक्ष श्योपाल मीणा (पूर्व प्रधान) के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में महादेव मीणा (उप प्रधान देवली), हेमराज मीणा (सरपंच चंदवाड़), हरिराम मीणा (सरपंच सीतापुरा), शंकरलाल मीणा (सरपंच संथली-राजकोट), मोतीलाल मीणा (पूर्व सरपंच सतवाड़ा) और कालूराम मीणा सरपंच सतवाडा बालून्दा, नीरज मीणा (दूनी), राधेश्याम मीणा (डीलर), शिवपाल मीणा (राजस्थान पब्लिक स्कूल), रामसहाय मीणा (अध्यापक उगेन), कालूराम मीणा, महावीर मीणा (पूर्व जीएसएस अध्यक्ष), दिनेश, राकेश, देवलाल, भंवरलाल, मीडिया प्रभारी अविनाश मीणा घाड व मायाराम मीणा सहित समाज के अनेक प्रबुद्धजन इस पुनीत कार्य में सहयोग कर रहे हैं। सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति ने मीणा समाज के लोगों से आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है, ताकि सामूहिक विवाह सम्मेलन को ऐतिहासिक और प्रेरणादायक बनाया जा सके। यह सम्मेलन भैरूजी महाराज के स्थान, घाड़ रोड सतवाडा में आयोजित होगा, जहां एक साथ कई जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जाएगा और जरूरतमंद परिवारों को सम्मानपूर्वक नई शुरुआत का अवसर मिलेगा।

# देवास से पिछोला व फतहसागर में जल अपवर्तन 20 को

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

बढ़ती गर्मी और शहर में पेयजल की मांग को देखते हुए जल संसाधन विभाग ने अहम निर्णय लेते हुए 20 मार्च शुक्रवार को देवास परियोजना से पानी को पिछोला और फतहसागर झील में अपवर्तित किया जाएगा। इसके लिए विभाग ने आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी हैं। साथ ही सीसारमा नदी और नांदेश्वर में जल प्रवाह वाले क्षेत्रों में आमजन से सतर्कता बरतने की अपील की है।

अधिशासी अभियंता जल संसाधन ने बताया कि प्रशासन के निर्देशानुसार 17 मार्च 2026 को अधीक्षण अभियंता जल संसाधन तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के साथ समन्वय बैठक की गई। इसमें निर्णय लिया गया कि देवास प्रथम एवं द्वितीय के आकोदड़ा एवं मांडली बांध में उपलब्ध जल को शहर की प्रमुख झीलों पिछोला एवं फतहसागर में डाला जाएगा, ताकि गर्मी के मौसम में पेयजल संकट से राहत मिल सके। जल अपवर्तन की प्रक्रिया 20 मार्च 2026 से शुरू की जाएगी। इसके तहत संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर तकनीकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

# होर्डिंग्स में 'जल जीवन मिशन', धरातल पर दम तोड़ता बिचड़ली तालाब

**करोड़ों के प्रचार के बीच ब्यावर का ऐतिहासिक जलस्रोत बदहाली की पराकाष्ठा पर, जलकुंभी, गंदे नालों, अतिक्रमण और जर्जर पाल ने बढ़ाया खतरा**

**जल संग्रहण, भूजल रिचार्ज और पर्यटन की असीम संभावनाओं वाला अंग्रेजों के समय का तालाब आज भी मरम्मत, संरक्षण और विजन का मोहताज**

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** एक तरफ सरकार जल जीवन मिशन, जल संरक्षण और जल संग्रहण के नाम पर बड़े-बड़े दावे कर रही है। करोड़ों रुपए होर्डिंग्स, प्रचार अभियानों और जागरूकता संदेशों पर खर्च किए जा रहे हैं। दूसरी तरफ धरातल पर हकीकत यह है कि ब्यावर जिले का सबसे पुराना और ऐतिहासिक बिचड़ली तालाब आज भी बदहाली, उपेक्षा और प्रशासनिक संवेदनहीनता का जीवंत उदाहरण बना हुआ है।

अंग्रेजों के समय से शहर की पहचान रहे इस तालाब को बचाने, संवारने और विकसित करने की बातें वर्षों से होती रही हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि तालाब आज जलकुंभी की मोटी परत, गंदे नालों की लगातार आवक, प्लास्टिक और ठोस कचरे, अवैध अतिक्रमण और टूटी-फूटी, हादसों को न्योता देती पाल के बीच दम तोड़ रहा है।

यह विडंबना ही है कि सरकार स्थानीय जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के दावे करती है, लेकिन ब्यावर शहर के बीचोंबीच स्थित यह ऐतिहासिक जलाशय आज तक स्थायी मरम्मत और समग्र विकास योजना का इंतजार कर रहा है। सवाल यह है कि जब जल जीवन मिशन का उद्देश्य हर बूंद बचाना, वर्षा जल संग्रहण बढ़ाना और स्थानीय जल संरचनाओं को मजबूत करना है, तो फिर बिचड़ली तालाब जैसे प्राकृतिक जल संसाधन को आखिर क्यों उपेक्षित छोड़ दिया गया?

### पाल जर्जर, खतरा गंभीर: चादर से कंपनी बाग तक कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

स्थानीय नागरिकों के अनुसार बिचड़ली तालाब की पाल कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त है और इसकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही है। सबसे गंभीर चिंता चादर चलने वाले हिस्से से लेकर कंपनी बाग तक के क्षेत्र को लेकर है, जहां लगातार गंदे पानी की आवक, कटाव और दबाव के कारण जमीन और किनारों के कमजोर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। यदि समय रहते तकनीकी सर्वे, मजबूतीकरण और मरम्मत नहीं की गई, तो यह इलाका कभी भी ढह सकता है, जो सीधे तौर पर जनहानि और बड़े हादसे का कारण बन सकता है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों की चुप्पी और धीमी कार्यशैली कई सवाल खड़े कर रही है।

### नालों ने तालाब को बनाया गंदे पानी का स्थायी ठिकाना

बिचड़ली तालाब की सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि शहर की गंदगी और नालों का गंदा पानी पूरे साल तालाब में गिरता रहता है। यही कारण है कि यहां लगातार गंदे पानी की चादर चलती रहती है। इससे तालाब का पानी प्रदूषित हो चुका है और इसकी मूल उपयोगिता पर गहरा असर पड़ा है।

जलकुंभी और गाद की मोटी परत ने तालाब की जलधारण क्षमता को भी कम कर दिया है। जो तालाब कभी वर्षा जल संग्रहण, स्थानीय पारिस्थितिकी और भूजल रिचार्ज का आधार हो सकता था, वह आज प्रशासनिक लापरवाही के कारण धीरे-धीरे एक प्रदूषित जलभराव क्षेत्र में बदलता नजर आ रहा है।

### जल जीवन मिशन का स्थानीय मॉडल बन सकता है यह तालाब

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि बिचड़ली तालाब की वैज्ञानिक तरीके से डी-सिल्टिंग (दोबारा खुदाई) कराई जाए, जलकुंभी और गाद हटाई जाए, नालों के गंदे पानी को डायवर्ट या ट्रीट किया जाए, और इसे अतिक्रमण मुक्त किया जाए, तो यह तालाब फिर से ब्यावर के लिए बड़ा जल संग्रहण केंद्र बन सकता है। इतना ही नहीं, यह तालाब वर्षा जल संचयन, भूजल रिचार्ज, शहरी जल प्रबंधन और स्थानीय पारिस्थितिकी संरक्षण का मॉडल बन सकता है। गर्मियों में पानी के संकट से जूझते शहर के लिए यह परियोजना दीर्घकालिक राहत का रास्ता खोल सकती है।

यदि सरकार वास्तव में जल जीवन मिशन को केवल कागजों और होर्डिंग्स से निकालकर जमीन पर उतारना चाहती है, तो बिचड़ली तालाब जैसे ऐतिहासिक जलस्त्रोतों पर ठोस और समयबद्ध कार्रवाई अनिवार्य है।

### आयोजन के समय याद, बाकी साल उपेक्षा

बिचड़ली तालाब को अक्सर केवल तेजाजी मेला, नववर्ष, महाआरती या अन्य सार्वजनिक आयोजनों के दौरान याद किया जाता है। इन मौकों पर अस्थायी सजावट और साफ-सफाई की तस्वीरें जरूर सामने आती हैं, लेकिन जैसे ही आयोजन समाप्त होते हैं, तालाब फिर उसी बदहाल स्थिति में छोड़ दिया जाता है। यानी, तालाब को स्थायी संरक्षण परियोजना के रूप में नहीं, बल्कि मौसमी आयोजन स्थल की तरह देखा जा रहा है। यह सोच न केवल जल संरक्षण की भावना के खिलाफ है, बल्कि शहर की ऐतिहासिक धरोहर के साथ भी अन्याय है।





ब्यावर का ऐतिहासिक बिचड़ली तालाब–जलकुंभी, गंदे नालों की आवक, अतिक्रमण के बीच दम तोड़ता शहर का पुराना जलस्रोत, जो जल संग्रहण और पर्यटन की बड़ी संभावना होने के बावजूद उपेक्षा का शिकार है।

### पर्यटन की असीम संभावनाएं, लेकिन प्रशासनिक विजन गायब

ब्यावर शहर में यदि कोई बाहरी व्यक्ति घूमने की इच्छा जाहिर करे, तो शहर के पास दिखाने के लिए विकल्प बेहद सीमित हैं। ऐसे में बिचड़ली तालाब को सिर्फ रिपेयर करने के बजाय समग्र पर्यटन परियोजना के रूप में विकसित किया जा सकता है।

तालाब की पाल के चारों ओर वॉक-वे, चौपाटी, नो-व्हीकल जोन, लाइटिंग, हरित क्षेत्र, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा रेलिंग, बच्चों के लिए गतिविधियां और बोटिंग जैसी सुविधाएं विकसित की जा सकती हैं। इससे यह क्षेत्र परिवारों, बच्चों और बाहरी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकता है।

इसी के साथ कंपनी बाग में बंद पड़ी ट्रेन को दोबारा शुरू कर, कंपनी बाग और बिचड़ली तालाब को एकीकृत पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित किया जाए, तो ब्यावर को पहली बार एक व्यवस्थित सार्वजनिक पर्यटन स्थल मिल सकता है।

### क्या होना चाहिए: अब सिर्फ बात नहीं, ठोस कार्रवाई

तालाब की वैज्ञानिक डी-सिल्टिंग / दोबारा खुदाई कराई जाए। जलकुंभी, गाद और प्लास्टिक कचरे की स्थायी सफाई हो। नालों के गंदे पानी की आवक रोकने के लिए डायवर्जन / ट्रीटमेंट सिस्टम लगाया जाए। पाल की तत्काल मरम्मत और सुदृढ़ीकरण किया जाए। चादर से कंपनी बाग तक तकनीकी सर्वे और सुरक्षा ऑडिट कराया जाए। तालाब को अतिक्रमण मुक्त कर सीमांकन किया जाए। इसे जल संग्रहण और भूजल रिचार्ज मॉडल के रूप में विकसित किया जाए। चारों ओर वॉक-वे, लाइटिंग, ग्रीन बेल्ट, सुरक्षा रेलिंग बनाई जाए। बोटिंग, चौपाटी और फैमिली जोन शुरू किए जाएं। कंपनी बाग और तालाब को जोड़कर संयुक्त पर्यटन परियोजना बनाई जाए।

### जनता का सीधा सवाल

'जब सरकार जल जीवन मिशन के नाम पर हर बूंद बचाने की बात कर रही है, तो फिर ब्यावर का सबसे पुराना तालाब गंदे नालों और जलकुंभी के हवाले क्यों है? क्या जल संरक्षण सिर्फ प्रचार का विषय है या धरातल पर भी कोई जवाबदेही है? 'तालाब नहीं, सिस्टम की सोच को सुधार की जरूरत है।

# नवरात्रा स्थापना व नव संवत्सर पर निकली पावटा मेंभव्य शोभायात्रा

**ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का किया स्वागत**



स्मार्ट हलचल | पावटा

कस्बा पावटा में नवरात्रा स्थापना व हिन्दू नववर्ष पर गुरूवार को भव्य शोभायात्रा काआयोजन हुआ। कस्बा पावटा स्थित किले वाली दुर्गा माता मंदिर समिति के तत्वाधान में आयोजित शोभायात्रा को लेकर प्रशासन पुरी तरह से मुस्तैद दिखाई दिया। सुबह 11बजे से दुर्गा मंदिर से महंत मंगलदास महाराज, गोपाल भैया मंदिर महंत मोहनदास रामायणी ने दुर्गा माता व राम दरबार की आरती उतार कर शोभायात्रा को रवानगी दी। शोभायात्रा पावटा के मुख्य मार्गो से होती हुई किला स्थित दुर्गा माता मंदिर पहुंची जहां महाआरती के साथ शोभयात्रा का विसर्जन हुआ। इस दौरान कस्बेवासियों द्वारा करीब एक दर्जन से अधिक स्थानों पर पुष्प वर्षाकर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इस मौके पर कच्ची घोड़ी नृत्य, कालबेलिया डांस, भजन-कीर्तन, माता के भव्य रूप, राजस्थानी लोक कला सहित अनेक आकर्षक झांकियाँ दिखाई गई। सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने बरती सर्तकता- पावटा-प्रागपुरा में धार्मिक आयोजन को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह से सर्तकता बरती गई। इस दौरान राहुल गोयल, छोटू सैनी, मदनलाल सैन, मनीष शर्मा, महावीर वर्मा, चीनू सैनी, राहुल यादव, संजय गढ़वाल, राहुल गड़वाल, संजय मोला, प्रिंस मिश्रा, दिलिप वर्मा, पंकज गुप्ता, यतिश बंसल, अमित मिश्रा सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने शोभायात्रा के दौरान व्यवस्था संभालने में सहयोग किया।

# ब्यावर के मुकेश सोनी बने हिंदू हेल्पलाइन के प्रान्त अध्यक्ष



स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के आयाम 'हिंदू हेल्पलाइन' के अंतर्गत ब्यावर निवासी मुकेश सोनी को प्रान्त अध्यक्ष के महत्वपूर्ण दायित्व से नवाजा गया है। इस नियुक्ति की घोषणा संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा की गई, जिससे क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

यह नियुक्ति राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त कुमावत की अनुशंसा पर राजस्थान क्षेत्र अध्यक्ष ओम प्रजापति द्वारा की गई। संगठन ने मुकेश सोनी के सामाजिक कार्यों, हिंदू समाज के प्रति समर्पण और उनकी सक्रिय भूमिका को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। उल्लेखनीय है कि

संगठन के संस्थापक डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया ने भी हाल ही में मुकेश सोनी के निवास पर पहुंचकर संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की थी, जिसे इस नियुक्ति का मुख्य आधार माना जा रहा है।

### प्राथमिकताएं और संकल्प:

नवनियुक्त प्रान्त अध्यक्ष मुकेश सोनी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, 'हिंदू हेल्पलाइन का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंदों को आपातकालीन सहायता, महिलाओं की सुरक्षा, और सनातन धर्म का संरक्षण करना है।' उन्होंने घोषणा की कि जल्द ही पूरे प्रान्त में जिला एवं तहसील स्तर पर टीमों का गठन किया जाएगा ताकि हर पीड़ित तक समय पर मदद पहुँच सके।

### भव्य स्वागत :

इस अवसर पर ब्यावर में एक भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें हेमंत कुमावत, ममता गुप्ता, सुनील पारलेचा, डॉ. एस. के. बंसल, एडवोकेट रमेश शर्मा, कपिल जलवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने विश्वास जताया कि मुकेश सोनी के नेतृत्व में संगठन सेवा और जनजागरण के कार्यों को नई गति प्रदान करेगा।

# नवरात्रा पर सजा देवी मंदिर, माता रानी के दर्शनों को उमड़ा जनसैलाब

स्मार्ट हलचल



**मंडावर।** नवरात्रा स्थापना के पावन अवसर पर ग्राम मंडावर स्थित प्राचीन देवी मंदिर को आकर्षक और भव्य तरीके से सजाया गया है। यह मंदिर पूरे गांव की आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है, जहां माता रानी के दर्शन के लिए दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और दिनभर लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं।

मंदिर परिसर में अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां भी विराजमान हैं, लेकिन माता रानी की प्राचीन मूर्ति विशेष श्रद्धा का केंद्र बनी हुई है। भक्तगण माता के जयकारों के साथ दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा हुआ है।

इसी मंदिर परिसर में श्री श्री 108 लक्ष्मी दास महाराज का मंदिर भी स्थित है, जो इस धार्मिक स्थल की महत्ता को और बढ़ाता है।

मंदिर की देखरेख एवं नियमित पूजा-अर्चना की जिम्मेदारी पुजारी पुरुषोत्तम जी द्वारा निभाई जा रही है। वहीं सेवाभाव से जुड़े महेश चंद सैनी, विजय सिंह सैनी, बाबूलाल सैनी, प्रभु सैनी (बिजली मिस्त्री) एवं योगेश सहित अन्य सहयोगी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संभाल रहे हैं।

नवरात्रा के इस पावन पर्व पर मंडावर में भक्ति, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

# नरेगा में फर्जीवाड़े की शिकायत दबाने का आरोप

**बिना जांच ही निस्तारण-आरोपी ग्राम विकास अधिकारी से ही दिलवाया जवाब**

**मुख्यमंत्री कार्यालय के आदेशों की अनदेखी-पंचायत समिति बीडीओ पर उठे गंभीर सवाल**

स्मार्ट हलचल

**टोंक/उनियारा।** टोंक जिले के उनियारा पंचायत समिति मुख्यालय अलीगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलौता में नरेगा योजना में फर्जीवाड़े और राजकोष के गबन के गंभीर आरोप सामने आए हैं।

मामले में शिकायतकर्ता रामबाबू मीणा निवासी खेड़ली बालाजी द्वारा मुख्यमंत्री कार्यालय में रजिस्टर्ड डाक से शिकायत भेजी गई थी, जिसमें मृत व्यक्तियों, बाहर रह रहे श्रमिकों के नाम पर फर्जी मस्टरोल भरकर भुगतान उठाने की जांच की मांग की गई थी।मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा इस शिकायत को राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज कर पंचायत समिति उनियारा मु. अलीगढ़ के खण्ड विकास अधिकारी को जांच के आदेश दिए गए, लेकिन आरोप है कि पंचायत समिति उनियारा के खण्ड विकास अधिकारी शंकरलाल मेघवाल ने मामले में न तो निष्पक्ष जांच करवाई गई और ना ही





शिकायत के वास्तविक तथ्यों की पुष्टि की। सबसे गंभीर बात यह सामने आई है कि बिलौता पंचायत के जिस ग्राम विकास अधिकारी जगमोहन मीणा व तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी जसराम मीणा पर फर्जीवाड़े व गबन के आरोप हैं, उसी ग्राम विकास अधिकारी जगमोहन मीणा से जवाब लेकर पूरे मामले का झूठा गोलमोल निस्तारण कर दिया गया। जबकि नियमानुसार ऐसे मामलों में स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच आवश्यक होती है। सूत्रों के अनुसार, जगमोहन मीणा पूर्व में भी ग्राम पंचायत बिलौता में विभिन्न निर्माण व विकास कार्यों की अनियमितताओं के आरोपों में दोषी पाया जा चुका है। इसके बावजूद भी विकास अधिकारी शंकरलाल मेघवाल द्वारा आरोपी से ही जवाब लेकर शिकायत को बंद करना प्रशासनिक प्रक्रिया पर सवाल खड़े करता है। राजस्थान संपर्क पोर्टल पर उपलब्ध निस्तारण रिपोर्ट में भी स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि शिकायत को 'भ्रम' बताते हुए खारिज किया गया और राशि लाभार्थियों के खातों में जाने की बात कही गई, जबकि शिकायतकर्ता का आरोप है कि बिना मौके की जांच और सत्यापन के यह निष्कर्ष निकालना पूरी तरह से मनमाना है।

### प्रशासनिक जवाबदेही पर सवाल

यह मामला केवल एक पंचायत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही पर बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। जब उच्च स्तर से जांच के आदेश दिए जाएं और स्थानीय स्तर पर ही उन्हें नजरअंदाज कर दिया जाए, तो आमजन की शिकायतों का समाधान कैसे सुनिश्चित होगा? शिकायतकर्ता व क्षेत्रीय लोगों ने मांग की है कि पूरे प्रकरण की स्वतंत्र एजेंसी या उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए और दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार के मामलों की पुनरावृत्ति न हो।

# उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने जनहितकारी योजनाओं की समीक्षा



स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** उपमुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री दीया कुमारी ने राजस्थान दिवस के अवसर पर ब्यावर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को समयबद्ध तथा प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी मंत्री ने सड़क निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने और अब तक शुरू न हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता से प्रारंभ करने के निर्देश दिए। विद्यालय भवनों की मरम्मत के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था, एलपीजी की उपलब्धता, स्वच्छता अभियान, बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन, भूमि आवंटन और राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों के निस्तारण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त, जनगणना की तैयारियों, ग्राम स्तरीय योजनाओं तथा 'हरियालो राजस्थान' और 'नमो नर्सरी' जैसी योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

इस अवसर पर जिला पंच गौरव कैलेंडर का विमोचन किया गया। विधायक शंकर सिंह रावत ने जिले में सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और अतिरिक्त बजट की आवश्यकता को लेकर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के तहत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा विधायक कोष से 20 दिव्यांगजनों को स्कूटी वितरित की गई। यह पहल दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगी। समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर कमल राम मीणा, पुलिस अधीक्षक रतन सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्म लाल जाट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# चैत्र नवरात्रि में जोबनेर ज्वाला माता धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब, ट्रस्ट की व्यवस्थाओं में दिखा सेवाभाव

**अखंड ज्योत और 200 साल पुरानी नौबत से गूंजा ज्वाला माता धाम, शक्तिपीठ जोबनेर में नवरात्रि का उल्लास, लाखों श्रद्धालु पहुंचे**

स्मार्ट हलचल

**जोबनेर।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर जोबनेर स्थित ज्वाला माता धाम में आस्था, भक्ति और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। नवरात्रि के शुभारंभ के साथ ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है और पूरा क्षेत्र 'जय माता दी' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा है।

यह प्राचीन धाम एक अनूठे शक्तिपीठ के रूप में विख्यात है, जहां माता सती के घुटने की पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, सती के अंग पृथ्वी के विभिन्न स्थानों पर गिरे थे, जिनमें जोबनेर वह पावन स्थल माना जाता है जहां उनका घुटना गिरा था। यहां गुफा में प्राकृतिक रूप से प्रकट आकृति को ही माता का स्वरूप मानकर पूजा-अर्चना की जाती है, विशेष बात यह है कि यहां किसी प्रकार की मूर्ति स्थापित नहीं है। नवरात्रि के दौरान मंदिर में अखंड ज्योत निरंतर प्रज्वलित रहती है, जो श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का प्रतीक है। माता की आरती चांदी के बर्तनों में की जाती है तथा लगभग 200 वर्ष पुरानी नौबत (नगाड़ा) आरती के समय बजाई जाती है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठता है।





मंदिर में श्रद्धालु माता को चुनरी, लहंगा और सोलह श्रृंगार अर्पित कर अपनी श्रद्धा व्यक्त कर रहे हैं। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर यहां लक्खी मेले का आयोजन भी प्रारंभ हो गया है, जिसमें राजस्थान सहित अन्य राज्यों से लाखों भक्त पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु सुबह तड़के से ही लंबी कतारों में लगकर माता के दर्शन कर रहे हैं। ज्वाला माता मंदिर ट्रस्ट, जोबनेर द्वारा नवरात्रि के दौरान व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। ट्रस्ट के पदाधिकारियों और सदस्यों की देखरेख में दर्शन व्यवस्था, साफ-सफाई, जल व्यवस्था एवं भीड़ प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

नवरात्रि के साथ ही सेवाभाव की अनूठी मिसाल भी देखने को मिल रही है। विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं ट्रस्ट के सहयोग से यात्रियों के लिए जलपान, नाश्ता एवं भंडारों की व्यवस्था की जा रही है, जिससे श्रद्धालुओं को राहत मिल रही है। नवविवाहित जोड़े जहां माता का आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं, वहीं कई परिवार अपने बच्चों का मुंडन संस्कार भी यहीं संपन्न करवा रहे हैं। दूर-दराज क्षेत्रों से श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हुए, जयकारों के साथ मंदिर पहुंचकर अपनी मनोकामनाएं व्यक्त कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जोबनेर थाना पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात किया गया है।

जो श्रद्धालु हिमाचल प्रदेश स्थित प्रसिद्ध ज्वाला शक्तिपीठ नहीं जा पाते, उनके लिए जोबनेर का यह धाम विशेष आस्था का केंद्र बना हुआ है। नवरात्रि के दौरान यहां प्रतिदिन विशेष पूजन, भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजन हो रहे हैं, जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर है। यह धाम न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और सेवाभाव का जीवंत प्रतीक भी है। चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ गुरुवार से शुरू हुआ और घर-घर में घट स्थापना की जा रही है। नवरात्रि के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है।

## राजपूत क्षत्राणियों के गणगौर महोत्सव में दिखा संस्कृति का उत्सव, चेतना शक्तावत बनी गणगौर क्वीन

# आस्था, परंपरा और नारी शक्ति का प्रतीक है गणगौर महोत्सव – करिशमा हाड़ा

स्मार्ट हलचल| कोटा

दादाबाड़ी रोड स्थित एक निजी होटल में राजपूत क्षत्राणियों द्वारा भव्य गणगौर महोत्सव का आयोजन बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा राजस्थान महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष तरुणा सोलंकी छपावदा के नेतृत्व में संपन्न हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में करिश्मा हाड़ा (राष्ट्रीय ब्रांड एंबेसडर, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा राजस्थान) उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में मिस राजस्थान 2022 ज्योति पुष्पेंद्र सिंह, एडिशनल एसपी ओमेंद्र सिंह शेखावत एवं डॉ. रीना राणावत शामिल रहीं। महोत्सव का मुख्य आकर्षण रही 'मिस गणगौर'



प्रतियोगिता, जिसमें चेतना शक्तावत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गणगौर क्वीन का ताज अपने नाम किया, जबकि दिव्या सिसोदिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का चयन रैम्प वॉक, सोलह श्रृंगार, मेहंदी रचनी, व्यक्तित्व और सांस्कृतिक ज्ञान जैसे मानकों के आधार पर किया गया।

करिश्मा हाड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने सभी से अपनी जड़ों से जुड़े रहने का आह्वान किया। वहीं तरुणा सोलंकी ने गणगौर को आस्था, परंपरा और नारी शक्ति का प्रतीक बताते हुए इसे आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।ज्योति पुष्पेंद्र सिंह ने 'गणगौर केवल एक पर्व नहीं, बल्कि नारी शक्ति, श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है। यह त्योहार हमें अपनी परंपराओं और संस्कृति से जोड़ता है तथा महिलाओं के सम्मान और उनकी गरिमा को भी दर्शाता है।'

### क्षणत्रियों ने प्रतियोगिताओं दिखाया उत्साह

अन्य प्रतियोगिताओं में रिया सौलंकी ने सोलो डांस, अशनिका हाड़ा ने बेस्ट पर्सनालिटी और शिखा शर्मा ने बेस्ट मेकअप का खिताब जीता। पूर्णिमा हाड़ा की तलवारबाजी प्रस्तुति ने विशेष रूप से सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में बेस्ट घूमर डांस, बेस्ट पर्सनालिटी, बेस्ट ग्रुप, बेस्ट मेहंदी, बेस्ट लॉन्ग हेयर, बेस्ट मेकअप और बेस्ट राजपूती ड्रेस जैसी विभिन्न श्रेणियों में भी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। महोत्सव में ग्रुप डांस, बच्चों की प्रस्तुतियां और पारंपरिक घूमर नृत्य ने माहौल को उल्लासमय बना दिया। अंत में विजेताओं को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए।

### अगले वर्ष और भव्य आयोजन का संकल्प

कार्यक्रम के समापन पर आयोजक तरुणा सोलंकी छपावदा ने सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में यह आयोजन और भी भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा, ताकि नई पीढ़ी तक हमारी समृद्ध परंपराएं पहुंचाई जा सकें।

# देवपुरा क्षेत्र में अवैध निर्माण पर नगर परिषद की कार्यवाही

### प्रशासक नगर परिषद ने कहा की शहर में अवैध निर्माण और अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं होंगे



स्मार्ट हलचल| बूंदी

बिना स्वीकृति से चल रहे अवैध निर्माण के खिलाफ कार्यवाही करते हुए नगर परिषद ने गुरुवार को देवपुरा क्षेत्र में निर्माणाधीन अवैध इमारत को सीज कर दिया।

नगर परिषद आयुक्त ने बताया कि देवपुरा स्थित आनंदी मैरिज गार्डन के पीछे, कल्याण वाटिका क्षेत्र में पुरुषोत्तम बायर द्वारा निर्माण कार्य करवाया जा रहा था। जांच में पाया गया कि इस निर्माण के लिए परिषद से कोई वैध स्वीकृति नहीं ली गई थी, जो राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 194 और 245 का उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि नियमों की अनदेखी की पुष्टि होने के बाद, नगर परिषद की टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माणाधीन भूखंड/दुकान को सील करने की कार्रवाई की।

आयुक्त ने बताया कि सीज किए गए भूखंड, दुकान या निर्माण कार्य की सील के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि संबंधित व्यक्ति या किसी अन्य ने परिसर में घुसने या निर्माण कार्य दोबारा शुरू करने का प्रयास किया, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और पुलिस में मामला दर्ज करवाया जाएगा। इसी प्रकार रामकिशोर मीणा अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं प्रशासक नगर परिषद से शहर में हो रहे अवेध निर्माण ओर अतिक्रमण के बारे में जानकारी चाही तो उन्होंने कहा शहर में किसी भी तरह के अवैध निर्माण को व अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिकायत मिलने पर अवैध निर्माण करता को नोटिस जारी किया जाएगा ओर जांच की जायगी,उसके बाद अगर अवैध निर्माण करता व अतिकृमी दोषी पाया जाता है तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# अवैध शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार, न्यायालय भेजा

स्मार्ट हलचल| खखरेरू/ फतेहपुर

थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक युवक को कच्ची व देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, लोंहांगपुर मजरे जहांगीर नगर गहुरा गांव में काफी समय से एक युवक द्वारा अवैध कच्ची और देसी शराब की बिक्री किए जाने की सूचना मिल रही थी। त्योहारों के मद्देनजर उपनिरीक्षक ईश्वर चंद अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि एक व्यक्ति अपने घर के बरामदे से अवैध शराब बेच रहा है।

सूचना पर उपनिरीक्षक ने आबकारी निरीक्षक रमेश कुमार सिंह के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस टीम को देखकर आरोपी भागने लगा, लेकिन पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से करीब 10 लीटर कच्ची शराब और 16 टेट्रा पैक देसी शराब बरामद हुई।

पूछताछ में आरोपी की पहचान नीरज कुमार श्रीवास्तव (39) पुत्र मंगल प्रसाद, निवासी ग्राम लोंहांगपुर के रूप में हुई। आरोपी ने पूछताछ में अवैध शराब बेचने की बात स्वीकार की। पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया।

# चैत्र नवरात्रा शुरु होते ही मदिरो में गूंजने लगी रामायण की चौपाईया

स्मार्ट हलचल|बूंदी

चैत्र नवरात्रा की शुरूआत के साथ ही छोटी - काशी में भी माहौल भक्तिमय हो गया - है। शहर के साथ साथ जिले के सभी देवी - माता, हनुमान मंदिरों में भक्तों की - चहल-पहल बनी रही।

वहीं दूसरी ओर पूजा-अर्चना, - व्रत, उपवास का दौर भी आज से शुरू - हो गया। शहर के प्रमुख देवी माता मंदिरों रक्तदंतिका माता, चौथमाता, - बीजासन माता, दधिमती माता - नवल सागर बाईपास पर स्थित हिंगलाज माता मंदिर , हंसा देवी माता मन्दिर, - खोजागेट वैष्णो देवी मन्दिर, लालबाई - फूल बाई माता मन्दिर, बस स्टैण्ड - स्थित मातेश्वरी के मन्दिर के साथ साथ चामुण्डा माता,



लंकागेट रोड स्थित - संतोषी माता के यहां लोगों की - आवाजाही बढ़ गई। मालनमासी बालाजी, बेडी वाले हनुमान मन्दिर, - नगर परिषद की गली स्थित - हनुमानजी, भूतेश्वर धाम, हनुमान धर्मशाला और श्रीराम जानकी हनुमान मन्दिर, रामगंज बालाजी के स्थानों - पर भी अखण्ड रामायण पाठ शुरू हो - गये। नवरात्रा शुरू होने के साथ बाजारों में आज फूलमाला, पूजा

सामग्री, फल, फलाहरी खरीदने वालों की अतिरिक्त भीड़ नजर आई। मां हंसा देवी मंदिर में पुजारी ने मंत्रोचार के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर मंदिर की वेदी में घट स्थापना करवाई गई। माता रानी से देश में खुशहाली वह अमन चैन की प्रार्थना की गई। बालचंद पाड़ा स्थित बिजासन माता मंदिर में घट स्थापना की गई और पूजा अर्चना कर आरती का आयोजन हुआ ।नई तहसील के सामने स्थित श्री राम भक्त हनुमान मंदिर पर अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ हुआ । श्री राम भक्त हनुमान मंदिर समिति प्रवक्ता सामाजिक कार्यकर्ता पुरुषोत्तम पारीक ने बताया की कि पुजारी पंडित मुरारी लाल शर्मा द्वारा हनुमान जी को चोला चढ़ाया गया, पुष्पमालाओं से श्रृंगार किया। मां हंसा देवी मंदिर में चैत्रीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर विधिवत पूजा अर्चना कर घट स्थापना की गई। मुख्य पुजारी गोपाल सैनी ने बताया की भक्त अजय नुवाल एडवोकेट, सहयोगी पुजारी नरेंद्र सैनी, नितेश सैनी, राजू पेठावाला, कमला देवी, शुभम, महेंद्र, गंगादेवी पोद्दार, प्रेम बाई, पंडित गोपाल शर्मा, मनीष कलवाड़िया, आशुतोष श्रृंगी, गोपाल शर्मा, राजेश शर्मा, मनोज शर्मा ने मंत्रोचार के साथ विधिवत पूजा अर्चना करवा कर मंदिर वेदी में घट स्थापना करवाई।

# प्रतिबंधित पेड़ों का कटान, विभागीय सुस्ती से वन माफिया बेखौफ




स्मार्ट हलचल| खखरेरू/ फतेहपुर

थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित प्रजाति के हरे पेड़ों का अवैध कटान इन दिनों चरम पर पहुंच गया है। वन विभाग और स्थानीय प्रशासन की सुस्ती के चलते वन माफिया बेखौफ होकर पेड़ों की कटाई कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र का पर्यावरण संतुलन बिगड़ने लगा है।

ताजा मामला तेंदुआ गांव का है, जहां वन माफियाओं ने बुधवार देर शाम एक हरे-भरे महुआ के विशाल वृक्ष को काटकर गिरा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में दिनदहाड़े प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ों की कटाई लगातार बढ़ रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस पर प्रभावी रोक लगाने में नाकाम साबित हो रहा है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, वन विभाग की निष्क्रियता के चलते माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। कई बार शिकायतों और मीडिया में खबरें प्रकाशित होने के बाद भी कार्रवाई के नाम पर केवल जुर्माना लगाकर मामलों को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। कुछ मामलों में मुकदमा दर्ज होने की बात कही जाती है, लेकिन जब्त की गई लकड़ी कहां सुरक्षित रखी जाती है, इस पर स्पष्ट जानकारी नहीं दी जाती। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लगातार हो रहे कटान से क्षेत्र का हरित आवरण तेजी से खत्म हो रहा है और गांव का वातावरण मरुस्थल में तब्दील होने की ओर बढ़ रहा है। इसके बावजूद प्रशासन और वन विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। इस संबंध में वन क्षेत्र अधिकारी विवेक शुक्ला से संपर्क करने उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित पेड़ महुआ काटन की सूचना प्राप्त हुई है टीम को मौके पर भेजा गया है अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# बायतु की छात्रा खुशबू सोलंकी का नवोदय विद्यालय में चयन

स्मार्ट हलचल

**बायतु।** छात्रा खुशबू सोलंकी पुत्री श्री दिलीप कुमार का कक्षा-6 के लिए नवोदय प्रवेश परीक्षा में चयन हुआ। छात्रा के चयन का समाचार मिलने पर विद्यालय व परिवार में खुशी की लहर छा गई । खुशबू सोलंकी डॉक्टर बनकर जनसेवा व राष्ट्र सेवा करना चाहती है। इसने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों, माता- पिता व विद्यालय के नियमित अध्ययन को दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रतिदिन



छः घण्टे अध्ययन कर इस छात्रा ने सफलता अर्जित की। इस छात्रा को गत दो वर्षों से नवोदय प्रवेश परीक्षा में चयन होने की तमन्ना थी।

# चैत्र नवरात्रः कानपुर के देवी मंदिरों में गूंजे मां के जयकारे, उमड़ी भक्तों की भीड़

स्मार्ट हलचल

**कानपुर।** यहां आज गुरुवार को माता के नवरात्र के पहले दिन शहर के प्रमुख दुर्गा मंदिरों के साथ ही छोटे मंदिरों में भी भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान दुर्गा मंदिरों में 'अमृत की बरसे बदरिया अम्बे मां की दुअरिया..' आदि भजन गुंजायमान होते रहे। गुरुवार का दिन होने के कारण जंगली देवी मंदिर, काली मठिया शास्त्री नगर, बारादेवी किदवई नगर, तपेरी देवी बिरहाना रोड, फूलमती मंदिर जनरलगंज, वैष्णो देवी मंदिर बर्रा, चंद्रिका देवी मंदिर, शीतला माता मंदिर चौक, दुर्गा मंदिर गोविंद नगर सहित शहर के प्रमुख दुर्गा मंदिरों में छात्र-छात्राओं की अच्छी-खासी संख्या देखी गयी। अपने माता-पिता



व दोस्तों के साथ मां के द्वारे पहुंचे इन भक्तों ने मां से परीक्षा में पास होने की कामना की। इसी के साथ माता को प्रसाद, नारियल, फूल-मालाएं व चुनरी चढ़ाकर मुरादें मांगीं।

वहीं मंदिरों में लगने वाले पारम्परिक मेले में खूब भीड़ दिखायी दी। महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। इस दौरान माता के दरबार में भजन-कीर्तन गूंजते रहे। जागरण का आयोजन हुआ। मन्नतें पूरी होने पर बारादेवी मंदिर व काली मठिया मंदिर आदि मंदिर में भक्तगण नंगे पांव चलकर आये।

इसी क्रम में ऐतिहासिक महत्व के देवी मंदिरों में गुरूवार को सुबह से ही पूजन की थाली के साथ महिलाओं व श्रद्धालुओं की कतारें लग गईं। अकबरपुर के कालिका देवी मंदिर,मूसानगर के मुक्तेश्वरी मंदिर, कथरी के कात्यायनी देवी स्थित, लाला भगत के कौमारी देवी मंदिर व लमहरा के मां परहुल देवी मंदिर में पर खुलते ही श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ पूजन अर्चना किया।

इसके साथ ही नारियल, चुनरी, फल, मिष्ठान्न का भोग लगाकर रोग शोक से मुक्ति के साथ मनवांछित फल की कामना की। इसी तरह ज्योती गांव स्थित बगलामुखी मंदिर, शिवली के पंथामाता मंदिर, रूरा के पाथामाई मंदिर व दुर्गा मंदिर के अलावा हथिका मैथा के सम्मोहनी माता मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ आदिशक्ति के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री का पूजन किया। इसके साथ ही नारियल, चुनरी, फल, मिश्री, व पंचामृत का भोग लगाकर सुख-समद्धि व रोग शोक से मुक्ति के साथ मनवांछित फल की कामना की। जबकि घरों में घट स्थापित कर लोगों ने व्रत और पूजा पाठ किया।

# विद्यालय सहायक संघ ने की नियमितीकरण की मांग

**राशमी।** कस्बे में गुरुवार को पंचायत शिक्षक एवं विद्यालय सहायक संघ ने कपासन विधायक अर्जुन लाल जीनगर का स्वागत कर नियमितीकरण की मांग की। विधायक निवास पर आयोजित कार्यक्रम में संघ के सदस्यों ने विधायक को उपरणा ओढ़ाकर, माला पहनाकर और साफा बांधकर विधानसभा में पंचायत शिक्षकों व विद्यालय सहायक कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग उठाने पर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष शैतान सिंह, कोषाध्यक्ष शंभु लाल शर्मा, विजय सिंह भाटी, सीमा शर्मा, सीताराम माली, भूपेंद्र सुखवाल, कमलेश शर्मा, भवानी शंकर जीनगर और भैरु शंकर जोशी सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# स्विफ्ट कार से 43 किलो से अधिक डोडा चूरा जब्त, चालक गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़।** जिले की कनेरा थाना पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत नाकाबंदी के दौरान स्वीफ्ट कार में तस्करी किया जा रहा 43 किलो से अधिक अफीम डोडाचूरा बरामद कर चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार से 5 फर्जी नम्बर प्लेटें भी बरामद की हैं।

पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक रेंज उदयपुर गौरव श्रीवास्तव के



निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह के निर्देशन एवं वृत्ताधिकारी बद्रीलाल के सुपरविजन में थानाधिकारी महेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एएसआई बालमुकन्द, महेन्द्र कुमार, कांस्टेबल रेवताराम, सुनिल, हरिकृष्ण, रामनिवास व दिलीप सिंह द्वारा घाटारानी पर नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान वहां आई एक स्वीफ्ट कार को रुकवाया गया। कार के चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मनीष (27) पुत्र शोभाराम जाट निवासी सालवा कलां थाना डांगियावास जिला जोधपुर होना बताया। पुलिस द्वारा कार की तलाशी लेने पर उसमें तीन प्लास्टिक के कट्टों में भरा 43 किलो 170 ग्राम डोडाचूरा मिला, जिसे कार सहित जब्त कर चालक को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस को कार से 05 फर्जी नम्बर प्लेटें भी मिली। पुलिस द्वारा अवैध डोडचूरा के संबंध में विस्तृत अनुसंधान करते हुए तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# एबीवीपी नगर समीक्षा योजना बैठक आयोजित



स्मार्ट हलचल

**बायतु।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बायतु नगर द्वारा नगर समीक्षा योजना बैठक आयोजित हुई नगर मंत्री प्रेम डूडी ने बताया की बायतु नगर कि नगर समीक्षा योजना बैठक पंचायत समिति के मिंटिग हॉल में आयोजित हुई जिसमें प्रांत विधि कार्य संयोजक जुंझार सिंह परमार का प्रवास रहा जिसमें साल भर विद्यार्थी परिषद के कार्यक्रम गतिविधियां की समीक्षा की गई एवं आगामी कार्यक्रम की रुप रेखा बनाई गई प्रांत विधि संयोजक जुंझारसिह ने कार्यकताओं को संगठन के कार्यों में तीव्रता के साथ काम करतें हुए छात्र हितों में विद्यार्थी परिषद के योगदान के बारे में विस्तृत चर्चा हुई जिसमें सदस्यता, कार्यक्रम, अभियान, रचनात्मक गतिविधियां, आन्दोलन गतिविधियां, आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई

इस दौरान प्रांत विधि संयोजक जुंझार सिंह,नगर मंत्री प्रेम डूडी, नगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा, इकाई उपाध्यक्ष कपिलदेव कड़वासरा,नगर एस एफ एस संयोजक खेमराज डूडी, धर्माराम कड़वासरा, टिकम सारण, राजुराम, गौरव, हरीश, प्रकाश सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# ब्राह्मण समाज की पीड़ा को केवल 'राजनीतिक नाराजगी' मान लेना उचित नहीं

स्मार्ट हलचल

यह केवल ब्राह्मण समाज का मुद्दा नहीं, बल्कि न्याय, सम्मान और संतुलन का प्रश्न है, और इस



प्रश्न का उत्तर केवल शब्दों में नहीं, बल्कि ठोस कार्यों में दिया जाना चाहिए।

उत्तर प्रदेश की राजनीति और सामाजिक संरचना में ब्राह्मण समाज का योगदान ऐतिहासिक और निर्णायक रहा है। ज्ञान, संस्कृति, परंपरा और प्रशासनिक संतुलन के वाहक के रूप में इस समाज ने हमेशा राष्ट्र और राज्य के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाई है। लेकिन हाल के वर्षों में एक सवाल लगातार उठ रहा है, क्या ब्राह्मण समाज की भावनाओं की अनदेखी एक प्रवृत्ति बनती जा रही है? यह प्रश्न केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक विमर्श का केंद्र बन चुका है। और इस पूरे परिदृश्य में एक नाम जो बार-बार सामने आता है, वह है, बृजेश पाठक।

बृजेश पाठक के पास एक ऐतिहासिक अवसर है कि वो आगे आकर ब्राह्मण समाज की आवाज को मजबूत करे और सामाजिक संतुलन बनाए रखे, जिससे एक समावेशी राजनीति का उदाहरण पेश हो सकें यदि वे इस भूमिका को प्रभावी ढंग से निभाते हैं, तो यह केवल एक समाज के लिए नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए सकारात्मक बदलाव लाएगा।

ब्राह्मण समाज केवल एक जाति नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता की वैचारिक धुरी रहा है। वेदों से लेकर संविधान तक, गुरुकुल से लेकर, विश्वविद्यालय तक, आध्यात्म से लेकर प्रशासन तक हर क्षेत्र में इस समाज ने नेतृत्व दिया है।

उत्तर प्रदेश में भी ब्राह्मण समाज ने राजनीति को दिशा देने का काम किया। चाहे वह स्वतंत्रता संग्राम हो या लोकतंत्र की स्थापना, हर मोर्चे पर इस समाज की भागीदारी रही। लेकिन आज जब वही समाज अपने सम्मान और प्रतिनिधित्व को लेकर सवाल उठाता है, तो यह केवल एक वर्ग की चिंता नहीं, बल्कि सामाजिक संतुलन के बिगड़ने का संकेत है।

आज ब्राह्मण समाज के भीतर जो असंतोष दिखाई दे रहा है, उसके पीछे कई कारण हैं, राजनीतिक प्रतिनिधित्व में असंतुलन समाज का एक बड़ा वर्ग यह महसूस करता है कि उसके अनुरूप राजनीतिक प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा।

हालांकि कुछ चेहरे प्रमुख हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर भागीदारी सीमित दिखाई देती है। कई ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जहां ब्राह्मण समाज से जुड़े मामलों में त्वरित और संवेदनशील प्रतिक्रिया की कमी महसूस की गई। इससे यह धारणा बनी कि उनकी भावनाओं को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। कुछ मामलों में यह भी आरोप लगे कि प्रशासनिक कार्रवाई में संतुलन नहीं रखा गया, जिससे समाज में असुरक्षा की भावना पैदा हुई।

इस पूरे परिदृश्य में बृजेश पाठक एक महत्वपूर्ण चेहरा बनकर उभरे हैं। ब्राह्मण समाज से आने वाले एक बड़े और प्रभावशाली नेता, प्रशासनिक अनुभव और राजनीतिक पकड़, जनसंपर्क और सहजता की छवि। बृजेश पाठक को ब्राह्मण समाज एक ऐसे नेता के रूप में देखता है, जो उनकी आवाज को सत्ता तक पहुंचा सकते हैं। बृजेश पाठक के सामने सबसे बड़ी चुनौती है, समाज की अपेक्षाओं और सरकार की नीतियों के बीच संतुलन बनाना।ब्राह्मण समाज चाहता है कि उनका नेता खुलकर उनकी समस्याओं को उठाए।

अन्याय के मामलों में स्पष्ट रुख, सामाजिक सम्मान की रक्षा और प्रतिनिधित्व की मांग।

एक जिम्मेदार पद पर रहते हुए, बृजेश पाठक को सरकार की नीतियों के साथ भी तालमेल रखना होता है। यही वह बिंदु है जहां नेतृत्व की असली परीक्षा होती है।

अब सवाल ये उठता है की, क्या वाकई अनदेखी हो रही है? यह सवाल बहुत संवेदनशील है और इसका उत्तर सरल नहीं है। इस सवाल के पक्ष में तर्क है ये है कि कई बड़ी घटनाओं पर धीमी प्रतिक्रिया, प्रतिनिधित्व में कमी और सामाजिक असंतोष का बढ़ना।

इसी सवाल के विपक्ष में तर्क है कि सरकार द्वारा सभी वर्गों के लिए योजनाएं, कानून-व्यवस्था में सुधार के साथ कुछ ब्राह्मण नेताओं की सक्रिय भूमिका, सच्चाई शायद इन दोनों के बीच कहीं है।

भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में किसी एक समाज की उपेक्षा का भाव भी बड़े असंतुलन को जन्म दे सकता है। ब्राह्मण समाज की पीड़ा को केवल 'राजनीतिक नाराजगी' मान लेना उचित नहीं होगा। यह एक चेतावनी है कि सामाजिक संवाद में कहीं कमी आ रही है। मीडिया ने इस मुद्दे को उठाया है, लेकिन कई बार यह विमर्श एकतरफा भी हो जाता है। जरूरत है संतुलित और तथ्यपरक चर्चा की, जिससे समाज की वास्तविक समस्याएं सामने आएं और समाधान की दिशा तय हो।

सरकार और समाज के बीच सीधा संवाद होना चाहिए। समय समय पर जनसंवाद कार्यक्रम हो, प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात का भी सिलसिला होना चाहिए। वही, राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर संतुलित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए। किसी भी समाज से जुड़े मामले में त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई होनी चाहिए।

ऐसे में, बृजेश पाठक जैसे नेताओं को और अधिक सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्हें केवल प्रतीक नहीं, बल्कि समाधान का माध्यम बनना होगा।

ब्राह्मण समाज का यह प्रश्न, 'क्यों बार-बार हमारी भावनाओं की अनदेखी हो रही है?' केवल एक शिकायत नहीं, बल्कि एक गंभीर संकेत है। यही उचित समय है जब सरकार आत्ममंथन करे और नेतृत्व सक्रिय हो, जिससे समाज के साथ विश्वास का रिश्ता और मजबूत किया जा सके।

क्योंकि जब कोई समाज खुद को उपेक्षित महसूस करता है, तो उसका प्रभाव केवल राजनीति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि सामाजिक संरचना को भी प्रभावित करता है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com